

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



वर्ष 03, अंक 159 | ग्वालियर मंगलवार 16 जून 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


## जासूसी केस पाक में दो भारतीय अफसर लापता

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान स्थित भारत के हाईकमीशन से काम करने वाले दो भारतीय अफसर के अचानक लापता होने की खबर से देश के प्रशासनिक हलकों में हलचल मच गई हैं। पिछले दो घंटे से दोनों का पता नहीं है। इस बारे में पाकिस्तानी अधिकारियों को सूचित किया गया है, साथ ही तलाश जारी है। ज्ञात हो कि पिछले कुछ दिनों से भारतीय दूतावास को लेकर काफी चिंता थी क्योंकि जब भारत ने दिल्ली में आईएसआई के जासूसों को पकड़ा था, उसके बाद से ही विवाद गहरा गया था। दिल्ली का जासूसी मामला सामने आने के बाद पाकिस्तान के इस्लामाबाद में तैनात भारत के शीर्ष राजनयिक गौरव अहलूवालिया की गाड़ी का पीछा किया गया था। इसके अलावा उनके आवास के बाहर आईएसआई के कई लोगों को तैनात कर दिया गया था। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी



आईएसआई के द्वारा गौरव अहलूवालिया की गाड़ी का पीछा बाइक, गाड़ियों के द्वारा किया जा रहा था। ये इसी महीने की शुरुआत यानी दो जून की बात है। दरअसल, कुछ वक्त पहले ही दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग के दो अफसरों को दिल्ली पुलिस ने पकड़ा था। दोनों पर जासूसी करने का आरोप था, जिसके बाद उन्हें पर्सोना नॉन ग्रेटा घोषित कर दिया गया था। साथ ही भारत छोड़ने का निर्देश दिया गया था। मिलिट्री इंटेलिजेंस यूनिट (एनआईयू) को इनपुट मिले थे कि पाकिस्तान उच्चायोग में काम करने वाले आबिद और ताहिर भारतीय सेना के जवानों को निशाना बनाते थे। खुद को इंडियन बताकर पहले उनसे दोस्ती करते, और फिर उन्हें अपने झांसे में लेने की कोशिश करते ताकि उनसे खुफिया जानकारी हासिल की जा सके।

### भारत का पाक को कड़ा वक्तव्य, लापता नहीं गिरफ्तार किए गए भारत ने तुरंत छोड़ने को कहा

**नई दिल्ली/ इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग में कार्यरत दो अधिकारियों के लापता होने की खबर के बाद अब सूचना मिली है कि दोनों अधिकारियों को कथित तौर पर गिरफ्तार किया गया है। पाकिस्तान मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों अधिकारी लापता नहीं हुए हैं, बल्कि इन्हें गिरफ्तार किया गया है। भारत ने इस पर पाकिस्तान को कड़ा वक्तव्य जारी किया है। भारत ने कहा है कि अधिकारियों से पूछताछ न करें और किसी भी तरह से परेशान न करें। भारत ने कहा है कि इस्लामाबाद में भारतीय कर्मचारियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीधे तौर पर पाकिस्तान के अधिकारियों की है। भारत ने इस मामले में यहां पाकिस्तान के उप उच्चायुक्त सैयद हैदर शाह को विदेश मंत्रालय में तलब किया था। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक भारत ने पाकिस्तान से कहा है कि दोनों अधिकारियों को तत्काल उनकी कार समेत भारतीय उच्चायोग पहुंचाया जाए।बता दें कि पाकिस्तान में बीते कुछ दिनों से भारतीय अधिकारियों का पीछा किया जा रहा है। भारत ने इसे लेकर विरोध भी दर्ज कराया था। माना जा रहा है कि अपने अधिकारियों के पकड़े जाने से बौखलाया पाक अब वहां काम कर रहे भारतीयों को फंसाने की फिराक में है। यह घटना ऐसे समय पर सामने आई है जब पाकिस्तान उच्चायोग के दो पाकिस्तानी अधिकारियों पर जासूसी के आरोप लगने के बाद भारत ने उन्हें देश छोड़ने के लिए कह दिया था। ये दोनों दिल्ली में वीजा विभाग में काम करते थे।

## मुख्यमंत्री ने करुणाधाम आश्रम में माथा टेका



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज सुबह करुणाधाम आश्रम में माथा टेका। कोरोना संक्रमण के कारण हुए लॉकडाउन के 84 दिन बाद मंदिर, धर्मस्थल खोलने पर मुख्यमंत्री श्री चौहान आश्रम गए। आश्रम में पहुंचकर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने माता रानी और गणपति भगवान से प्रार्थना की कि नागरिकों की इस विपदा से रक्षा करें। इस अवसर पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए अन्य श्रद्धालुओं ने भी आश्रम में प्रार्थना की।

### एक नजर



### अज्ञानता से भी ज्यादा खतरनाक घमंडः राहुल

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस की महामारी बेकाबू होती जा रही है, क्योंकि रोजाना इसके मरीजों की तादाद में इजाफा हो रहा है, इसी बीच कोरोना लॉकडाउन को लेकर विपक्ष लगातार सरकार को निशाने पर लिए हुए है। अब हाल ही में कोरोना संकट और लॉकडाउन को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा फिर केंद्र की मोदी सरकार पर तंज कसा गया हैं। दरअसल, इस बार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन का हवाले देते हुए सरकार पर तंज कसा है है। उन्होंने अपने ट्वीटर हैंडल के ट्वीट पर अल्बर्ट आइंस्टीन का एक वाक्य शेयर करते हुए लिखा- यह लॉकडाउन साबित करता है कि अज्ञानता से अधिक खतरनाक चीज केवल घमंड है।

### दिल्ली में लॉकडाउन अब नहीं सीएम अरविंद केजरीवाल ने खारिज की सभी अटकलें

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस के लगातार तीसरे दिन भी बढ़ते मामलों के बीच लॉकडाउन लगाए जाने की अटकलों को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार



15 जून को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने अपने एक ट्वीट के माध्यम से लॉकडाउन को लेकर चल रही अफवाहों पर विराम लगा दिया है। इस ट्वीट में उन्होंने दिल्ली में कोविड-19 संक्रमण के बढ़ते मामलों को लेकर केंद्र की मोदी सरकार के साथ हुई बैठक का भी हवाला देते हुए आगे की तैयारियों का खाका खींचा है। सीएम केजरीवाल इस बाबत किए गए ट्वीट में कहा है कि दिल्ली में एक बार फिर लॉकडाउन लागू किए जाने को लेकर कई बातें की जा रही हैं।

## कोरोना का कहर जारी, संक्रमितों का आंकड़ा 3.32 लाख के पार

### बीते 24 घंटे में 325 लोगों की कोरोना से गई जान

**नई दिल्ली।** पूरी दुनिया के साथ ही देश में कोरोना का कहर जारी है और इसके केस तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार सुबह जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में 11 हजार 502 नए मामले सामने आए हैं और 325 लोगों की मौत हो चुकी है। अब देश में कुल मरीजों का आंकड़ा 3 लाख 32 हजार 424 है, जिसमें 9 हजार 520 लोगों की मौत हो चुकी है। कोरोना से अब तक 1



लाख 69 हजार 798 लोग ठीक हो चुके हैं। वहीं, एक्टिव केस की संख्या 1 लाख 53 हजार 106 है। अकेले महाराष्ट्र में कोरोना मरीजों का आंकड़ा 1 लाख के पार पहुंच गया है। यहां कुल मरीजों की संख्या 1 लाख 7 हजार 958 है, जिसमें 3950 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रदेश में अभी 53 हजार से अधिक एक्टिव केस है। वहीं, दिल्ली में पिछले 24 घंटे में दिल्ली में 2224 नए मरीज सामने आए हैं और 56 लोगों की मौत हो गई है। राजधानी में कोरोना के कुल मामले की संख्या 41,182 पहुंच गई है, जबकि अब तक 1327 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। ऐसे में दिल्ली में हालातों पर काबू पाना सरकार के लिए चुनौती बना हुआ है। महाराष्ट्र और दिल्ली के अलावा कोरोना से सबसे अधिक तमिलनाडु प्रभावित है। यहां कुल मरीजों का आंकड़ा 44 हजार को पार कर गया है। कुल मरीजों की संख्या 44 हजार 661 है, जिसमें 435 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रदेश में अब तक 24 हजार से अधिक लोग ठीक हो चुके हैं, जबकि 19 हजार से अधिक एक्टिव केस है। गुजरात में कोरोना मरीजों का आंकड़ा 23 हजार से अधिक है और यहां अब तक 1477 लोगों की मौत हो चुकी है। उत्तर प्रदेश में कोरोना मरीजों की संख्या 13 हजार 615 है, जिसमें 399 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 8268 लोग ठीक हो चुके हैं। अभी प्रदेश में 4948 एक्टिव केस हैं।

### विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ आज चर्चा करेंगे पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार और बुधवार को विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ चर्चा करने वाले है। पीएम मोदी मंगलवार दोपहर को 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों, उपराज्यपालों और प्रशासकों से बातचीत करने वाले है। इसमें पंजाब, केरल, गोवा, उत्तराखंड, झारखंड, पूर्वोत्तर के राज्य और कुछ केंद्रशासित प्रदेश शामिल हैं ।पीएम बुधवार को 15 राज्यों के मुख्यमंत्रियों और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल से बातचीत करने वाले है।

## नेपाल से हमारा रोटी-बेटी का रिश्ता, कोई ताकत इसे नहीं तोड़ सकतीः राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को वीडियो कॉन्फेंसिंग के माध्यम से उत्तराखंड जनसंवाद रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भारत-नेपाल के बीच जारी सीमा विवाद को बातचीत के जरिये सुलझा लिया जायेगा। हमारे बीच असाधारण संबंध हैं, हमारे बीच रोटी-बेटी का रिश्ता है और दुनिया की कोई ताकत इसे तोड़ नहीं सकती। उन्होंने कहा कि लिपुलेख में सीमा सड़क संगठन द्वारा बनाई गई सड़क एकदम भारतीय सीमा के भीतर है और भारत-नेपाल के बीच यदि कोई गलतफहमी है, तो हम उसे बातचीत के जरिये सुलझाएंगे। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारे यहां गोरखा रेजिमेंट ने समय समय पर अपने शौर्य का परिचय दिया है। उस रेजिमेंट का उद्घोष है कि जय महाकाली आयो री गोरखाली, महाकाली तो कलकत्ता, कामाख्या और विंध्यांचल में विद्यमान हैं। तो कैसे भारत और नेपाल का रिश्ता टूट सकता है? उन्होंने यह भी कहा कि मानसरोवर यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए भारत सरकार ने एक सुविधा उपलब्ध कराई है। पहले मानसरोवर जाने वाले यात्री सिक्किम के नाथुला का रूट लेकर जाते थे, जिससे अधिक समय लगता था। उन्होंने बताया कि बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन ने लिपुलेख तक एक लिंक रोड का निर्माण किया, जिससे मानसरोवर जाने के लिए एक नया रास्ता खुल गया। पहले यात्रा के मुकाबले अब 6 दिन कम समय में मानसरोवर की यात्रा होगी।



### सुशांत सिंह के अंतिम संस्कार में कुल 25 लोग शामिल हुए

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत का मुंबई के विले पार्ले श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। उन्हें पिता केके सिंह और बहनों ने मुखाग्नि दी। इस दौरान उनके चचेरे भाई विधायक नीरज सिंह बबलू मौजूद रहे। अंतिम संस्कार में एक्ट्रेस कृति सेनन, श्रद्धा कपूर और एक्टर राजकुमार राव, सुनील शेट् ?टी, विवेक ओबेरॉय वरुण शर्मा, अर्जुन बिजलानी और कई टीवी कलाकार भी शामिल हुए। अंतिम संस्कार में कुल 25 लोग शामिल हुए। परिवार अस्थियों को पटना ले जाएगा।

## अब पाक में नहीं जाने दिया जाएगा छह में से तीन नदियों का भारत के हिस्से का पानी

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा पाकिस्तान में बह रहीं %%अखंड भारत%% की छह में से तीन नदियों का भारत के हिस्से का पानी वहां नहीं जाने दिया जाएगा। इसे रोकने के लिए केंद्र सरकार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि इस पानी का इस्तेमाल जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश को आपूर्ति के रूप में किया जाएगा। महाराष्ट्र के नागपुर से गुजरात भाजपा की जन संवाद डिजिटल रैली को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि भारत अहिंसा और शांति में विश्वास करता है। गडकरी ने कहा कि अखंड भारत में छह नदियां (जोकि भारत और पाकिस्तान दोनों देशों से गुजरती हैं) थीं। बंटवारे के मुताबिक, तीन नदियों का पानी पाकिस्तान के लिए आरक्षित था जबकि बाकी तीन नदियों के पानी का इस्तेमाल भारत को करना था। हमारे हिस्से का पानी भी पाकिस्तान में बह रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अब केंद्र सरकार भारत के हिस्से का पानी पाकिस्तान में जाने से रोकने के लिए काम कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि भारत की पाकिस्तान या चीन की जमीन में कोई रुचि नहीं, बल्कि वह शांति और मित्रता चाहता है।



### बैठक | राजनीतिक दलों के साथ के बैठक कर शाह बोले

## जनता में विश्वास बढ़ाने को आइए एकजुट हों

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कोरोना वायरस का संक्रमण काफी तेजी से फैल रहा है। इसकी रोकथान के लिए न केवल दिल्ली सरकार बल्कि केंद्र सरकार भी हरसंभव प्रयास में जुट गई है। इस बाबत सोमवार को गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली के राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। बैठक के बाद अमित शाह ने ट्वीट कर कहा है कि %इस समय सभी दल राजनीतिक द्वेष भुलाकार प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में दिल्ली की जनता के हितों के लिए काम करें। सभी दलों की एकजुटता से जनता में विश्वास बढ़ेगा और कोरोना के विरुद्ध लड़ाई को बल



मिलेगा। इस मीटिंग में सत्ताधारी आम आदमी पार्टी बीजेपी, कांग्रेस और बसपा के प्रदेशस्तरीय नेता मौजूद रहे। शाह ने सभी दलों के नेताओं को दिल्ली में कोरोना को रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी दी। इसके अलावा उनसे इस लड़ाई को और बेहतर ढंग से सुझाव भी लिए गए। दिल्ली भाजपा के नए प्रमुख आदेश गुप्?ता ने बताया कि बैठक में गृह मंत्री ने कहा कि 20 जून तक दिल्ली सरकार प्रति दिन 180,00 टेस्ट करेगी और कंटेनमेंट ज़ोन में घर-घर जाकर ट्रेसिंग और मैपिंग होगी। साथ ही 15 दिन के बाद 500 और रेलवे कोच उपलब्ध हो जाएंगे। जिससे दिल्ली सरकार, केंद्र सरकार और रेलवे कोच को मिलाकर 37,000 बेड हो जाएंगे। बीजेपी ने मांग की कि टेस्टिंग पर 50त्न शुल्क माफ किया जाना चाहिए। गुप्ता ने बताया कि इस मांग को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंजूरी दे दी है। दिल्ली में कोरोना वायरस के मामले काफी तेजी से बढ़ रहे है। दिल्ली में कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए केंद्र सरकार हरकत में आ गई है। सोमवार सुबह गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली सरकार के प्रतिनिधियों और अन्य विपक्षी दलों के साथ सर्वदलीय बैठक की। वहीं, सोमवार शाम को शाह ने दिल्ली के एलएनजेपी अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार,अस्पताल की जमीनी हकीकत को जानने के लिए शाह का औचक निरीक्षण किया है।

### हेमा मालिनी के लापता के पोस्टर

**मथुरा।** लापता पोस्टर वार शुरु हो गया है। कुछ दिनों पहले अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी व चंदौली के सांसद डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय का उनके संसदिय क्षेत्र में लापता का पोस्टर लगने के बाद अब मथुरा की सांसद हेमा मालिनी को लेकर एक पोस्ट सोशल मीडिया फेसबुक पर वायरल हो रहा है। जिसमें उन्हें मथुरा से 23-5-2019 से ही लापता बताया जा रहा है। बता दें कि यह पोस्ट वायरल करने वाला वृन्दावन का बताया जा रहा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश बंसल ने बताया कि यह पोस्ट पुरानी है और इसके बारे में जानकारी करके जो भी कार्यवाही होगी वह की जाएगी।



# कौशल एवं अनुभव के अनुसार प्रवासी श्रमिकों को मिलेगा रोजगार

**ग्वालियर।** प्रवासी श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु जिले में रोजगार मेले आयोजित किए जायेंगे। मेले की तैयारियां एवं व्यवस्थाओं के संबंध में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में विभिन्न निर्माण एवं रोजगारमूलक विभागों के अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि सभी रोजगारमूलक विभाग, फैक्ट्री तथा कारखाना ठेकेदार प्लेसमेंट जैसे जिले में प्रवासी श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु रोजगार सेतु पोर्टल पर अपना पंजीयन करा लें। उन्होंने कहा कि जिले में पंजीकृत श्रमिकों को उनके कौशल के अनुरूप मांग के अनुसार रोजगार उपलब्ध कराए जा सकें। पंजीकृत नियोक्ताओं की जानकारी



की रिपोर्ट जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक द्वारा दी जायेगी तथा मांग के अनुरूप पंजीकृत प्रवासी श्रमिकों को रोजगार हेतु नियोक्ता के पास भेजेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक श्रमिक की स्किल मैपिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में बताया गया कि जिले में 8 हजार 565 प्रवासी पंजीकृत जिसमें 3 हजार 304 शहरी एवं 5 हजार 261 ग्रामीण क्षेत्रों से, जबकि 168 नियोक्ताओं द्वारा अपना पंजीकृत कराया गया है। रोजगार मेला स्थल पर कोरोना काउंटर की भी व्यवस्था की जायेगी। गाइडलाईन के अनुसार मेले स्थल को सेनेटाइजर किया जायेगा। हाथ धोने की व्यवस्था की जायेगी। मेले में उपस्थित सभी की थर्मल स्क्रीन की जायेगी तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जायेगा।

# फूप पुलिस ने जुआ के फड़ पर मारा छापा, 9 जुआरी पकड़े

## एक फॉरवीलर व आठ मोबाइल तथा एक ताश गड्डी एवं नगदी सहित चार लाख के लगभग की सामग्री पकड़ी

रिपोर्ट विकास त्रिपाठी

भिण्ड। चंबल आई जी मनोज शर्मा तथा चंबल डीआईजी राजेश हिंगणकर एवं पुलिस अधीक्षक मनोज सिंह के दिशा निर्देशन में चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत फूप पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक बड़े जुआ को फड़ से 9जुआरियों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में सामग्री बरामद की है, तथा चार अज्ञात मौके से फरार हो गए। फूप थाना प्रभारी संजय सोनी से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी जुआरी अतर सिंह पुत्र मुंशीलाल राजपूत निवासी राऊपुरा, जिला औरैया, अनुराग पुत्र छोटे लाल कुशवाह निवासी अटसू जिला औरैया, महेन्द्र प्रताप पुत्र जयकरन सिंह चौहान



निवासी जमुही जिला औरैया, संदीप पुत्र प्रेम सिंह नरवरिया निवासी वार्ड क्रमांक 09 भिण्ड, दिनेश पुत्र रमेश मिश्रा, विशाल, नेक सिंह, ध्रुव सिंह पुत्र ब्रजराज सिंह विजय सिंह, शिवशंकर निवासी भौनपुरा आदि लोग घटनास्थल भोनपुरा का बेहट पर जुआ का फड़ लगाकर खेलने की सूचना फूप पुलिस को लगी तभी सहयोग के लिए फूप ने ऊमरी पुलिस व लाईन लेकर जुआ के फड़ पर दबिश दी, जहाँ 9 जुआरियों को फड़ से गिरफ्तार किया गया, फड़ की तलाशी ली गई तो एक ओएमएनआई कार क्रमांक यूपी 80 डीएल 3754 कीमत 51070 रूपये नगदी व एक ताश की गड्डी व आठ मोबाइल कुल कीमत 3,96120 रूपये नगदी बरामद की गई। तथा चार अज्ञात जुहारी मौके से फरार हो गए, सभी जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारम्भ कर दी है। जुआ कौन खिलवा रहा था, और किसके नेतृत्व में यह फड़ लगा हुआ था, फूप पुलिस उसकी तहकीकात में जुटी हुई है, जल्द उसको भी गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया जायेगा।

## जनपद सीईओ मेहगांव तत्काल प्रभाव से निलंबित

**मुरैना।** कलेक्टर भिण्ड के पत्र के आधार पर लापरवाह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मेहगांव श्री बलवीर सिंह कुशवाह को चंबल कमिश्नर श्री रवीन्द्र कुमार मिश्रा ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मेहगांव द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में कोई रूचि नहीं ली जा रही तथा जिला स्तर पर आयोजित होने वाली समय-सीमा की बैठक में बार-बार निर्देश देने के बावजूद भी कोई सुधार नहीं हो रहा था। लोकसेवा गांरटी अधिनियम 2010 की अधिसूचित 22 सेवाओं के संबंध में दोषी मानते हुये श्री कुशवाह पर 21 हजार 750 रूपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया।

# समाज को मिला ऐसे समाज सेवी जी जनता के लिये सदैव है तत्पर - सुषमा सिंह



**भिण्ड।** जब मैं सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से माक्स जरूरतमंदों को वितरण कर कर आ रही थी तभी मेरी नजर एसआरएफ के बगल में बंद पड़ी पावर प्लांट पर पड़ी पावर प्लांट में भीषण आग लग चुकी थी मैंने तुरंत गेट खुलवाया और मैंने अपने भाई से कहा आप तुरंत तत्काल प्रभाव से फायर ब्रिगेड को इंफॉर्मेशन दे कर आए मेरे भाई ने तत्काल प्रभाव से मेरी बात को माना और मेरे भाई ने फायर ब्रिगेड के इंस्पेक्टर जी से इस संबंध में जानकारी दी बंद पड़ी पावर प्लांट में स्वयं निरीक्षण के लिए फायर ब्रिगेड के निरीक्षक जी आए और अपने महत्वपूर्ण कर्मचारियों की मदद से आग पर काबू पाई लेकिन इस संबंध में किसी गार्ड ने भी फायर ब्रिगेड को सूचना ना दी और कोई जिम्मेदार अधिकारी उस प्लांट में नहीं था और कॉल करने के बाद भी नहीं आया अगर सही समय पर मेरे भाई द्वारा कॉल ना किया गया होता तो यह आग एसआरएफ कंपनी को भी चपेट में ले लेती और चुकी बगल में ही मालनपुर गांव है वह भी आग की चपेट में आ जाता और इसका बड़ा नुकसान उठाना पड़ता!

## संक्षिप्त समाचार

### हायर सेकेण्डरी की परीक्षा में 596 बच्चे अनुपस्थितः 06 नकल प्रकर्ण दर्ज

**मुरैना।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा वर्ष 2020 की शेष बची परीक्षायें 16 जून तक ली जायेगी। जिसमें 115 जून को प्रथम पाली में गणित की परीक्षा में 9 हजार 512 छात्रों में से 8 हजार 916 छात्र उपस्थित हुये। जबकि 596 छात्र-छात्रायें अनुपस्थित रहे जबकि 06 नकल प्रकरण दर्ज किया गये।

### स्नातक एवं स्नातकोत्तर की परीक्षायें स्थगित

**मुरैना।** राज्य शासन द्वारा उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की परीक्षायें स्थगित कर दी गई हैं। उच्च शिक्षा विभाग की परीक्षाएँ 29 जून से 31 जुलाई और तकनीकी शिक्षा विभाग की परीक्षाएँ 16 जून से 31 जुलाई तक निर्धारित थी। राज्य शासन द्वारा आगामी परीक्षा तिथियाँ पृथक से घोषित की जाएंगी।

### अब ई.व्ही.एम एवं व्हीव्हीपैट मशीनों के एफ एलसी का कार्य 22 जून से होगा

**मुरैना।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल के आदेशानुसार मुरैना जिले की 4 विधानसभा क्षेत्रों के लिये ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनों के एफएलसी का कार्य मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में 22 जून से किया जाना है। यह कार्य शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में होगा। संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एलके पाण्डे ने बताया कि 17 जून को प्रात: 10 बजे नवीन वेयरहाउस एबी रोड़ से मशीने एफएलसी हेतु शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज मुरैना में बनाये गये स्ट्राँग रूम में स्थानान्तरण होंगी। इसके बाद 22 जून को प्रात: 10 बजे पॉलीटेक्निक कॉलेज मुरैना में एफएलसी कार्य प्रारंभ होगा।

### नेशनल लोक अदालत निरस्त

**मुरैना।** मध्यप्रदेश राज्य विधि सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 11 जुलाई 2020 को आयोजित की जाने वाली नेशनल लोक अदालत निरस्त कर दी गई है। साथ ही 12 सितम्बर एवं 12 दिसम्बर 2020 को आयोजित होने वाली आगामी नेशनल लोक अदालतें यथावत रहेंगी।

### नगरीय निकायों के आम निर्वाचन हेतु फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी

**मुरैना।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2020 के लिये फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार करने का कार्यक्रम जारी किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का प्रकाशन एक जुलाई को किया जाकर 9 जुलाई 2020 अपरान्ह 3 बजे तक रविवार को छोड़कर मतदाता सूची पर मतदाताओं द्वारा दावे-आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकती हैं। स्थानीय निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मतदाता दावे-आपत्ति अपने-अपने वार्ड के दावे-आपत्ति केन्द्र पर कर सकेंगे। मतदाता सूची में त्रुटि होने की स्थिति में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष सक्षम प्राधिकृत कर्मचारी के माध्यम से निर्धारित फार्म में आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिये ईआर-1, मतदाता सूची में गलत दर्ज नामों को हटाने के लिये ईआर-2, मतदाता सूची में दर्ज जानकारी में संशोधन करने हेतु ईआर-3 के साथ ही रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा यदि आवेदन को निरस्त किया जाए तो आदेश के विरूद्ध अपील करने के लिये ईआर-4 फार्म भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करना होगा। जनकारी में बताया कि नगरीय निकायों के फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण हेतु तिथिवार कार्यक्रम घोषित किया गया है।



सिपाही प्रबल प्रताप सिंह को सतना पुलिस एवं उनके परिवार सहित पूरे सम्मान के साथ अंतिम श्रद्धांजलि देकर उनका पार्थिव शरीर रवाना किया गया* तथा आरआई एवं उनके गार्ड द्वारा सलामी दी गई। सिपाही के पिता भाई एवं पत्नी आज पुलिस अधीक्षक से मिले जिन्हें सरकार द्वारा भुगतान राशि दी गई है। ट्रैक्टर से कुचलकर मौत के घाट उतारने वाले आरोपियों के खिलाफ नयागांव थाने में 302 के तहत मुकदमा कायम कर लिया गया है।आरोपियों की तलाश में पुलिस की अलग-अलग टीम की छापेमारी जारी है।

## अम्बाह दरबार लगा के प्रत्येक दिन सुनते है महिलाओ की फरियाद...एसडीओपी अबनीश बंसल

राधा तोमर रिपोर्टर अम्बाह?

**अम्बाह।** एसडीओपी अबनीश बंसल ने अम्बाह में एक अनोखी मिशायल पेश की है अपने कार्यालय पर प्रत्येक दिन प्रताडित परेसान पीडित ब्यक्तियो व महिलाओ की फरियाद बडे ही ध्यान से सुनते है दोनो पक्षो को बुलाकर समझाइस देकर कई परिबार तीन माह मे सुलह कराकर खुशी खुशी जीबन जी रहै है आज पुष्पॉजली टीम ने जाकर देखा तो तीन परिबारो की समस्याये थी एक दिल्ली की राठौर परिबार की महिला पति से परैशान थी दौनो पक्षो को सुना है सुलह कराने के बास्ते दौनो के माता



पिता को बुलाया है ऐसे ही नगरा थाने के बालकी के पुरा कुरैठा की महिला अपने ससुराल बालो व पति के खिलाफ की फरियाद लेकर आई थी उन्होने पूरी समस्या सुनी व तत्काल नगरा प्रभारी को बताया कि परिबार बालो से बात करे और तुरन्त समस्या का समाधान कर सूचित करे.

# अम्बाह श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पर 10 मई से लगातार संचालित हो रहा है निशुल्क भंडारा...

## गरीब असहाय और निराश्रित लोग पा रहे हैं भोजन.

केशब पडित जी अम्बाह?

**अम्बाह।** नगर के जयश्वर रोड स्थित श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पर 36 दिन से लगातार गरीब,असहाय,निराश्रित ,विकलांग,लोगो के लिये निःशुल्क भण्डारे का आयोजन किया जा रहा है मंदिर कमेटी से जुड़े नरेंद्र लेहरु ने बताया कि गरीब, निराश्रित बेसहारा, बुजुर्गों एवं विकलांगो के लिए संचालित यह भोजन व्यवस्था 10 मई से लगातार जारी है जो आगे भी संचालित रहेगी



उन्होंने कहा कि मन्दिर से जुड़े श्रद्धालुओ का प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति भूखा न सोये सके, इसके तहत यह व्यवस्था संचालित की गई है श्री लेहरु ने बताया कि सुबह-शाम प्रतिदिन लोगों को सात्विक भोजन कराया जा रहा है ज्ञात रहे कि श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर क्षेत्र में चमत्कारिक स्थल के रूप में प्रसिद्ध है और यहां पर सुबह-शाम शाम श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है इस व्यवस्था में भी श्रद्धालु जन पूर्ण सहयोग कर रहे हैं...

## 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि बंद ऋतु में मत्स्याखेट, परिवहन, विक्रय पूर्णतः निषिद्ध

**मुरैना।** मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि बंद ऋतु में मत्स्याखेट, परिवहन, विक्रय पूर्णत: निषिद्ध है। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने निर्देशित किया है कि जिले अंतर्गत ग्रामीण तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी से नहीं है और जिन्हे निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है को छोड़कर समस्त नदियों व जलाशयों में बंद ऋतु में मत्स्याखेट पूर्णत: प्रतिबंधित रहेंगे। उन्होंने जिले की समस्त मत्स्योद्योग सहकारी समितियों एवं मत्स्य पालकों को सूचित किया है कि दिये गये निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाये। बंद ऋतु की अवधि में अवैधानिक मत्स्याखेट, परिवहन, क्रय-विक्रय आदि करते पाये जाने पर, उनके विरूद्ध अधिनियम के प्रावधानों एवं शासन निर्देशों के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी। जिसमें दोषी पाये जाने पर पाँच हजार रूपये जुर्माना या एक वर्ष का कारावास अथवा दोनो से दण्डित किये जाने का प्रावधान है।

## पुलिस महानिदेशक का बड़ा फैसला-

# *निजी संस्थान में अध्ययन करने वाले पात्र बच्चों को भी मिलेगा लाभ

केशब पडित जी अम्बाह?

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों के बच्चों द्वारा शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रोत्साहन स्वरूप पुलिस महानिदेशक विवेक जौहरी ने एक जून 2020 से नवीन शिक्षा निधि नियमावली जारी की है। पुलिस महानिदेशक द्वारा पूर्व की शिक्षा निधि/शिक्षण शुल्क प्रतिपूर्ति योजना को पूर्णतः अधिकृमित कर नवीन शिक्षा निधि नियमावाली जारी की गयी है। इसमें अशासकीय संस्थानों में अध्ययन करने वाले पात्र बच्चों की शासकीय महाविद्यालयों के अनुरूप ट्यूशन फीस का भुगतान किया जाएगा।

### भुगतान संबंधी नवीन निर्देश

पुलिस कर्मियों के 11वीं और 12 वीं में अध?ययनरत् बच?चे जिनका पिछली उत?तीर्ण परीक्षा का प्रतिशत 60 से 84 तक है, को 25 सौ रूपये तथा 85 प्रतिशत या अधिक है तो चार हजार रूपये वार्षिक राशि दी जाएगी। बारहवीं कक्षा के बाद इंटीग्रेटेड कोर्स (4 या 5 वर्षीय), स?नातक (3 से 4 वर्षीय), स?नात?कोत?तर (2 से 3 वर्षीय) तथा डिप?लोमा कोर्स में गत वर्ष 60 प्रतिशत या अधिक अंको से परीक्षा उत?तीर्ण की हो तथा शासकीय महाविद्यालय, केन?द्र अथवा राज?य से मान?यमा प्राप?त स?वशासी/ गैर शासकीय महाविद्यालय या संस?थान में अध?ययनरत् बच?चों को शासकीय महाविद्यालय में संबंधित कोर्स के लिए निर्धारित वार्षिक ट्यूशन फीस अथवा क?लेम की जाने वाली वार्षिक फीस, दोनों में से जो भी कम हो, प्रदान की जाएगी। शिक्षण सत्र की वार्षिक (दो सेमेस?टर) ट्यूशन फीस अधिकतम रू. 75000/- तक देय होगी।

**योजना में पात्रता के नियमः** दिवंगत हुए ऐसे पुलिस अधिकारी/कर्मचारी जिन्हें असाधारण परिवार पेंशन स्वीकृत होती है, के बच?चों को भी पात्रता अनुसार ट्यूशन फीस प्रदान की जाएगी। ट्यूशन फीस प्रतिपूर्ति पात्रतानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक/उप-सेनानी से आरक्षक स्तर के कर्मियों के अध्ययनरत् प्रथम दो बच?चों के लिए होगी। बाल आरक्षक स?वंय के वयस्क होने तक शिक्षा निधि से पात्रतानुसार ट्यूशन फीस प्रतिपूर्ति का लाभ ले सकता है। जिस शाखा के अधीन बाल आरक्षक पदस्थ है, उस शाखा प्रभारी का दायित्व रहेगा कि वह उसका प्रकरण इकाई प्रमुख के माध्यम से नियमानुसार भेजे। ट्यूशन फीस प्रतिपूर्ति राशि पात्रतानुसार नियमित रूप से प्रवेश लेकर अध्ययनरत छात्र/ छात्राओं को ही प्रदान की जाएगी। किसी कक्षा/ सेमेस्टर में उत्तीर्ण होने पर उस कक्षा/सेमेस्टर के लिए दूसरी बार प्रतिपूर्ति राशि नहीं दी जाएगी। लगातार अध?ययनरत छात्र/ छात्राओं को ही पात्रतानुसार ट्यूशन फीस प्रतिपूर्ति की पात्रता होगी। विगत शिक्षण सत्र में गैप, पूरक परीक्षा अनुत?तीर्ण को पात्रता नही होगी।

**प्रक्रियाः** इकाई में प्राप?त आवेदन पत्रों का इकाई स?तर की कमेटी द्वारा परीक्षण कर, जोन/रेंज को भेजा जाएगा। जिसका जोन स्तर पर बनाई गई कमेटी द्वारा परीक्षण कर, अनुशंसा सहित मय सहपत्रों के पुलिस मुख्यालय भेजा जाएगा। यह योजना शिक्षण सत्र 2020-21 से आगामी आदेश तक आने वाले शिक्षण सत्रों के लिए मान?य होगी। मध?यप्रदेश पुलिस शिक्षा निधि से राशि स?वीकृति के संबंध में पुलिस महानिदेशक का निर्णय अंतिम होगा।

### मुख्यमंत्री ने आम जनता से कोरोना नियंत्रण में सहयोग का आग्रह किया

# मोहल्ला स्तर पर ऑक्सीमीटर प्रदाय करने पर विचार

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना नियंत्रण में मोहल्ला और कालोनी स्तर पर ऑक्सीमीटर के प्रदाय पर विचार किया जा रहा है। इससे सर्वे कार्य में आसानी होगी। कोई रोग लक्षण मिलने पर व्यक्ति को उपचार के लिए तत्काल स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाने में मदद मिलेगी। प्रशासन के साथ आम जनता को कोरोना नियंत्रण में भागीदार बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में कोरोना नियंत्रित हो रहा है लेकिन किसी भी स्तर पर असावधानी नहीं होना चाहिए। हम सभी के सम्मिलित प्रयासों से कोरोना परास्त होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जनता के सहयोग से कोरोना



वायरस की समस्या को पूरी तरह समाप्त करने में मदद मिलेगी। सोशल डिस्टेंसिंग के महत्व से आम जनता को अवगत कराने के लिए जनता में से ही सजग प्रतिनिधियों का चयन कर उन्हें दायित्व दिया जाएगा। हमारा प्रदेश, पूरा देश और पूरा विश्व भी कोरोना से मुक्त हो, हम सभी सामान्य जीवन जी सकें, इसके लिए सामूहिक प्रयत्न आवश्यक हैं। प्रदेशवासियों से मेरा कहना है कि ईश्वर भी उन्हीं की सहायता करते हैं जो स्वयं अपनी सहायता करते हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना को समाप्त करना सावधानी रूपी तपस्या के बिना संभव नहीं है। अनुशासन बनाकर रखने की तपस्या करते रहें तो कोरोना की समस्या से मुक्ति पा लेंगे। इस वायरस पर अकुंश लगाने के प्रयास सफल भी हो रहे हैं। लापरवाही से मामला बिगड़ सकता है, यह मानकर सावधानियाँ बरतने में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। दो गज की दूरी बनाये रखें। फेस मास्क, गमछा, अंगोछा उपयोग में लाते रहें। संक्रमण से बचने का ईमानदारी से प्रयास हो। बार-बार हाथ धोने की प्रैक्टिस चलती रहे। सार्वजनिक स्थानों पर न थूकें। उत्सव आदि कम मनायें। इनमें संख्या भी कम हो और सोशल डिस्टेंसिंग बनी रहे। भीड़ को रोकना सिर्फ प्रशासन का काम नहीं है। ये जनता की भी ड्यूटी है। व्यवस्था बनाने के लिए आत्मानुशासन का पालन करना होगा।

# लॉकडाउन में मिली छूट में ही प्रधानमंत्री आवास योजना में बन गए 1134 आवास



**भोपाल।** कोरोना संक्रमण में लॉकडाउन में मिली छूट में गरीबों के लिए आशियाने का इंतजाम और ग्राम में ही रोजगार मिलने से धार जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1134 आवास बनकर तैयार हो गए हैं। धार जिले में लॉकडाउन के दरम्यान ग्रामीण इलाकों में मिली छूट में ही ग्रामीण गरीबों के परिवारों को रहने का माकूल इंतजाम हो गया है। आवास निर्माण के दौरान कोरोना महामारी के प्रभाव को दृष्टिगत इससे बचने के तरीके बताकर सजग करने के साथ ही काम करने वालों को डिस्टेंसिंग का पूरा ख्याल भी रखा गया। जिसके चलते 2 जून तक पूरे जिले में यह आवास तैयार हो सके। प्रधानमंत्री आवास योजना में सर्वाधिक 336 आवास बाग जनपद क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में तैयार हुए हैं। इसके अलावा 10 अन्य जनपदीय क्षेत्रों के ग्रामीण क्षेत्रों में 798 आवास तैयार हो चुके हैं।

## 19 जून तक अदालतों में नियमित कामकाज नहीं होगा

**भोपाल।** देशभर में कोरोना वायरस के संक्रमण के चलते भोपाल की अदालतों में भी अब 19 जून तक नियमित कामकाज नहीं होगा। इनकी अगली सुनवाई के लिए सभी मामलों की आगामी पेशी तारीख तय की गई है। इससे पहले 13 जून तक लगने वाले सभी मामलों की सुनवाई पहले ही आगे बढ़ा दी गई थी। राजधानी के जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र कुमार वर्मा ने इस संबंध में एक नए आदेश जारी किए हैं। इस आदेश के चलते 15 जून को सुनवाई के लिए रखे गए सभी मामलों की सुनवाई की अगली तारीख 4 जुलाई को होगी। इसके अलावा 16 जून के मामलों की सुनवाई 6 जुलाई, 17 जून के मामलों की सुनवाई 7 जुलाई, 18 जून के मामलों की सुनवाई 8 जुलाई, 19 जून के मामलों की सुनवाई के लिए 9 जुलाई को की जाएगी।

# सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को कोरोना वायरस से बचने के उपाय बताएंगे, विशेष ट्रेनिंग देंगे

**भोपाल।** सालभर कई तरह की ट्रेनिंग लेने वाले सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को अब कोरोना वायरस से बचाव की ट्रेनिंग भी लेना होगी, ताकि स्कूल खुलने के बाद यहां पढने् वाले बच्चों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाया जा सके। शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लगातार बैठकें स्कूल खोलने को लेकर भोपाल में हो रही हैं। वहीं लोक शिक्षण संचालनालय, स्कूली शिक्षा विभाग और माध्यमिक शिक्षा मंडल के अधिकारियों की भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चाएं चल रही हैं, जिनमें प्रमुख रूप से जुलाई माह से स्कूलों को शुरू करने पर जोर

### ताकि स्कूल खुलने पर बच्चों को वायरस से बचाया जा सके

दिया जा रहा है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार विभाग की चिंता यह है कि स्कूलों में पढने् वाले छोटे बच्चों को कोरोना वायरस से किस तरह बचाकर पढ़ाई कराई जाए। खासकर स्कूलों में बच्चों के साथ-साथ पूरे स्टाफ के लिए मास्क पहनना अनिवार्य किया जाएगा। वहीं स्कूलों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए एक कक्षा को दो भागों में विभाजित भी किया जाएगा। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग से भी शिक्षा विभाग के अधिकारियों की चर्चा चल रही है। इसके पश्चात जिला प्रशिक्षण संस्थान ने इसी महीने शिक्षकों को डॉक्टर विशेष ट्रेनिंग देंगे, जिसमें कोरोना वायरस से बचाव के उपाय बताए जाएंगे।

# सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करने पर दिग्विजय सिंह के खिलाफ एफआईआर



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का कूट रचित वीडियो वायरल करने के आरोप में, क्राइम ब्रांच भोपाल ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सहित 12 लोगों पर मामला दर्ज किया है। क्राइम ब्रांच ने भाजपा द्वारा की गई शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने एकएफआईआर में 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरी एफआईआर में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को आरोपी बनाया है। दिग्विजय सिंह पर पुलिस ने जो मामला दर्ज किया है। उसमें मानहानि, वीडियो की कूट रचना एवं अन्य धाराओं में आरोपी बनाया गया है। शिकायतकर्ताओं में पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, पूर्व मंत्री विश्वास सारंग, विधायक रामेश्वर शर्मा और जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक 23 जनवरी 2020 को, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्विटर पर एक वीडियो जारी किया था। उसी वीडियो मैं काट-छांट कर के 9 सेकंड का एक वीडियो जारी किया गया है। इस वीडियो में शिवराज सिंह कहते हुए दिख रहे हैं कि शराब इतनी पिलाओ की पड़े रहें जनवरी 2020 में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जो वीडियो जारी किया था। उसने वह पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा शराब दुकानें खोलने की नीति का विरोध करते हुए उन्होंने ट्विटर पर वीडियो डाला था। अब उसी वीडियो को काट-छांट कर के सोशल मीडिया में वायरल किया गया है।

## आरजीपीवी के ऑनलाइन प्रैक्टिकल एग्जाम कल से

**भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ऑनलाइन प्रेटिकल एग्जाम 16 से 20 जून तक चलेंगे। ऑफलाइन थ्यौरी एग्जाम 23 जून से शुरू होंगे, जो जुलाई तक चलेंगे। लॉकडाउन के बाद पहली बार विश्वविद्यालय की परीक्षाएं हो रही हैं। इसके चलते परीक्षा सेंटर की व्यवस्थाएं भी इस बार बदली नजर आएंगी। परीक्षा सेंटरों पर छात्रों को निर्धारित समय से 50 मिनट पहले आना होगा। छात्रों के हाथों को सैनिटाइज किया जाएगा। बिना मास्क के कोई भी छात्र परीक्षा में शामिल नहीं होगा। परीक्षा केंद्रों पर छात्रों को निर्धारित दूरी पर बैठाया जाएगा। परीक्षा की तैयारियों को लेकर आरजीपीवी ने सभी परीक्षा केंद्रों को निर्देश जारी कर दिए हैं। कोरोना संक्रमण के चलते एग्जाम की व्यवस्थाओं में बदलाव भी किया गया है।

# कान्हा टाइगर रिजर्व में शुरू हुआ पर्यटन

## पहले दिन 76 पर्यटकों ने किया भ्रमण

**भोपाल।** देश के सर्वाधिक लोकप्रिय टाइगर रिजर्व में से एक कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में सोमवार 15 जून से वापस पर्यटन शुरू हुआ। प्रथम दिन खटिया प्रवेश द्वार से 9 वाहन में 36 और मुख्य प्रवेश द्वार से 10 वाहन में 40 पर्यटकों ने प्रवेश किया। उल्लेखनीय है कि कोरोना संक्रमण के कारण मार्च से कान्हा राष्ट्रीय उद्यान पर्यटकों के लिये बंद कर दिया गया था। कोविड-19 के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए केन्द्र और प्रदेश शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार



पुनः पर्यटकों के लिये खोला गया है। सफारी के लिये ऑनलाइन टिकिट सुविधा पहले की तरह बहाल कर दी गई है। अलग-अलग समूहों से आये 4 पर्यटकों को एक वाहन में प्रवेश दिया गया। जबकि एक ही परिवार से आये 6 लोग एक वाहन में बैठे। केन्टर वाहनों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराने के लिये 18 की जगह 12 व्यक्ति और दो गाइड के स्थान पर एक गाइड को ही अनुमति दी गई। पार्क में 10 वर्ष से कम और 65 वर्ष से अधिक उम्र के पर्यटकों को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। गाइडलाइन के अनुसार पर्यटक कर्मचारी, गाइड और वाहन चालकों ने मास्क के साथ थर्मल स्क्रीनिंग और सुरक्षा के सभी इंतजामों के बाद भ्रमण आरंभ किया।

# चार हजार गौशालाएं खोलने की तैयारी में सरकार

**भोपाल।** बीते डेढ़ साल के दौरान जिन एक हजार गौशालाओं का काम शुरु किया गया था, उनमें से अधिकांश अब तक शुरु नहीं हो सकी हैं। इस बीच सरकार द्वारा नई चार हजार गौशालाएं खोलने की तैयारी शुरु कर दी गई है। इससे इस मामले में यह तय हो गया है कि शिव सरकार पूर्व की नाथ सरकार की राह पर चल पड़ी है। इसके लिए सरकार द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को जिम्मा सौंपा गया है। नई सरकार ने खोली जाने वाली गौशालाओं के मानकों में भी बदलाव किया है। इसके तहत अब हर गौशाला की क्षमता 100 गाय रखने की होगी। सरकारी अनुमान के मुताबिक प्रदेश में करीब 10 लाख निराश्रित गौवंश है, जो सड़कों पर रहने की वजह से वाहन चालकों के लिए मुसीबत बने रहते हैं। गौरतलब है कि पूर्व की कमलनाथ सरकार ने निराश्रित गौवंश के लिए राज्य में एक हजार गौशालाएं खोलने का फैसला किया था। जिसमें से अधिकांश का काम अधूरा पड़ा हुआ है। बताया जा रहा है कि भाजपा सरकार ने हर एक गौशाला के निर्माण पर करीब 37 लाख रुपए खर्च करने की योजना तैयार की है। इस हिसाब से प्रदेश में नई खुलने वाली चार हजार गौशालाओं पर करीब 1480 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इन गौशालाओं का निर्माण एक एकड़ में किया जाएगा। यहां पर गोदाम, कॉफ शेड, गौवंश शेड व स्टोर का भी निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही हर गौशाला के समीप ही 5 एकड़ का चारागाह विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही गौशालाओं को 20 रुपए प्रति गाय के हिसाब से अनुदान भी जारी रहेगा। एक साल पहले कमलनाथ सरकार के समय एक हजार गौशालाओं के निर्माण की घोषणा की गई थी, जिसमें से 593 गौशालाओं का निर्माण कार्य समाप्त हो चुका है। इनमें से 145 गौशालाओं में अब तक निराश्रित गोवंश को लाकर उन्हें शुरु कर दिया गया है।

# 909 फीवर क्लीनिक से मिला दो लाख से अधिक लोगों को निःशुल्क उपचार

**भोपाल।** राज्य शासन की पहल पर फीवर क्लीनिक के माध्यम से अभी तक 2 लाख से अधिक लोगों का निःशुल्क उपचार किया गया। प्रदेशवासियों को सहज स्वास्थ्य सुविधाएं एवं आवश्यक दवायें उपलब्ध करवाने के लिये मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिहं चौहान द्वारा लिये गये निर्णय के परिपेक्ष में प्रदेश में 909 फीवर क्लीनिक की स्थापना की गई। प्रदेश में कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत राज्य शासन द्वारा हर क्षेत्र में कदम बढ़ाते हुए हर वर्ग को राहत पहुंचाने का बीड़ा उठाया।



इसी क्रम में प्रदेश के सभी जिलों में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था स्थापित करने के लिये फीवर क्लीनिक खोलने का निर्णय लिया। फीवर क्लीनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक कारगर वैकल्पिक व्यवस्था बन कर उभरे है प्रदेश में अभी तक 2 लाख 10 हजार 309 लोगों को न केवल उपचार का लाभ दिया गया, बल्कि उन्हें चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा भी मिली है। इन क्लीनिकों में चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श के साथ सर्दी, खांसी और बुखार वाले व्यक्तियों का उपचार किया जा रहा है। आवश्यकता होने पर संदिग्ध मरीजों के सैंपल भी लिए जा रहे हैं।प्रदेश में संचालित 909 फीवर क्लीनिक में भोपाल संभाग के 130 फीवर क्लीनिक में 8 हजार 700 व्यक्तियों, रीवा संभाग के 107 फीवर क्लीनिक में 30 हजार, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 141 फीवर क्लीनिक में 20 हजार 238, जबलपुर संभाग के 179 फीवर क्लीनिक में 53 हजार 196, शहडोल संभाग के 71 फीवर क्लीनिक में 49 हजार 295, इंदौर संभाग के 160 फीवर क्लीनिक में 29 हजार, उज्जैन संभाग के 111 फीवर क्लीनिक में 13 हजार 316, सागर संभाग के 86 फीवर क्लीनिक में 11 हजार 83 और होशंगाबाद संभाग के 35 फीवर क्लीनिक में 8 हजार 797 लोगों ने आकर निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श एवं निःशुल्क उपचार लिया।

## संपादकीय

# मानसून की आमद

देश में कोरोना वायरस के बढ़ते कहर के बीच  मानसून के रूप में एक बड़ी खुशखबरी आई। मानसून ने केरल तट पर दस्तक दे दी है। आम तौर पर देश में यह एक जून को दस्तक देता है लेकिन इस बार तय समय से पहले ही दस्तक दे दिया। इस साल सामान्य मानसून का पूर्वानुमान है जो आर्थिक मोर्चे पर बहुत बड़ी राहत का संकेत है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने पहले ही इस साल के लिए मानसून सीजन में 100 प्रतिशत बारिश का अनुमान जताया है। पिछले साल 8 जून को मानसून ने केरल तट पर दस्तक दी थी लेकिन इस बार 30 मई को ही उसका आगमन हो चुका है। अच्छा मानसून भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। अर्थव्यवस्था पहले ही सुस्ती से जूझ रही है। ऊपर से कोरोना वायरस के कहर ने भारत समेत वैश्विक अर्थव्यवस्था की कमर ही तोड़ दी है। अब मानसून की झमाझम बारिश देश में मंदी की मार को दूर करेगी। भारत कृषि प्रधान देश है लिहाजा मानसून सामान्य रहने से देश की अर्थव्यवस्था को बहुत फायदा होता है। भारत में ज्यादातर किसान खरीफ की फसलों की सिंचाई के लिए बारिश पर निर्भर होते हैं। अच्छे मानसून से फसलों की पैदावार बढ़ती है। इससे किसानों की आमदनी बढ़ती है। अगर अच्छा मानसून रहता है तो ग्रामीण भारत में लोगों की क्रय शक्ति बढ़ती है। लोग खरीदारी करते हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए मानसून की अहमियत का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि जिस साल यह अच्छा नहीं होता उस साल बाइक और ऑटो कंपनियों की बिक्री तक प्रभावित हो जाती है। भारत में दक्षिण-पश्चिम मानसून हर साल जून से लेकर सितंबर तक 4 महीनों तक रहता है। आम तौर पर यह सबसे पहले केरल में दस्तक देता है। इसके बाद अलग-अलग वक्त पर यह देश की अलग-अलग जगहों पर जाता है। इसी तरह, देश की अलग-अलग जगहों से अलग-अलग वक्त पर इसकी वापसी भी होती है। बहरहाल, खुशखबरी है कि इस बार अच्छी बारिश होगी। यह देश के कृषि क्षेत्र के साथ-साथ समूची अर्थव्यवस्था के लिए संतोषजनक बात है। कृषि क्षेत्र की हालत अर्थव्यवस्था को काफी हद तक प्रभावित करती है। मौसम विभाग ने बताया है कि इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य रहने की उम्मीद है। इसके मुताबिक जून से सितंबर के बीच 97 फीसद बारिश होगी। अगर इसमें कोई कमी-बेशी रही भी, तो यह पांच फीसद से ज्यादा नहीं होगी। मौसम विभाग उपग्रहों से मिलने वाले आंकड़ों से ही मानसून के रुख का आकलन करता है, इसलिए अनुमानों में मॉडल संबंधी त्रुटि हो सकती है।  रिजर्व बैंक भी अपनी मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को लेकर जो कदम उठाता है उसमें मानसून संबंधी आकलन एक बड़ा और महत्वपूर्ण पहलू होता है।  महंगाई का ग्राफ किधर जाएगा, यह भी काफी हद तक मानसून पर निर्भर करता है। मौसम विभाग की भविष्यवाणी सुखद संकेत है। यह लगातार तीसरा साल है जब मौसम विभाग ने सामान्य मानसून की भष्यिवाणी की है। देश की 70 फीसद खेती मानसूनी बारिश पर ही निर्भर होती है। हालांकि, कई बार ऐसा भी हुआ है कि मानसून को लेकर मौसम विभाग की भविष्यवाणी सटीक साबित नहीं हुई। 2005 से 2017 के दौरान सात बार ऐसा हुआ जब मौसम विभाग की भविष्यवाणियां खरी नहीं उतरीं। अनुमानित और वास्तविक बारिश में कई बार खासा फर्क देखने को मिलता है। इससे सबसे ज्यादा निराशा किसान को होती है जो अच्छी पैदावार की आस लगाए रहता है। अर्थव्यवस्था भी इससे अछूती नहीं रहती। पैदावार अच्छी होने से कीमतों पर नियंत्रण बना रहता है। याद हो जब 2009 में मानसून गड़बड़ा गया था तो भारत को चीनी का आयात करना पड़ गया था। कृषि अर्थव्यवस्था मानसून पर टिकी होती है। देश के ज्यादातर राज्यों में अधिकांश किसान इतने गरीब हैं कि बैंकों और साहूकारों से कर्ज लेकर खेती करते हैं। ऐसे में अगर मानसून दगा दे जाए तो फसलें चौपट होने में देर नहीं लगती। किसान कर्ज के भारी बोझ तले दब जाते हैं। पिछले कई सालों में हजारों किसान कृषि इसीलिए मौत को गले लगा चुके हैं कि वे कर्ज नहीं चुका सकते थे। अच्छा बारिश होगी, तो रिस कर भूजल के रिक्त होते भंडार को भी सहारा देगी। अगर वर्षाजल संचयन का अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जाए, तो अच्छे मानसून का कहीं अधिक टिकाऊ लाभ उठाया जा सकता है।

# विकास, विश्वास और वैश्विक नेतृत्व का मोदी युग


मजबूत राष्ट्र के विकास की संकल्पना के साथ बढ़ते भारत का यह स्वर्णिम काल है, जहां 130 करोड़ हिन्दुस्तानियों के जीवन में संभावनाओं से भरपूर अनगिनत खुशियां है, उल्लास है और समाज तथा समूचे राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के साकार होते सपने है। नरेंद्र मोदी सरकार के 6 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों के नाम लिखी चिट्ठी में भारतीय इतिहास के स्वर्णिम अध्याय की झलक प्रतिबिम्बत होती है। यकीनन राष्ट्र के विकास, करोड़ों लोगों के विश्वास और दुनिया को दिशा देता यह मोदी युग है जहां सैनिक शक्ति, आर्थिक शक्ति, राजनीतिक शक्ति, सांस्कृतिक शक्ति और दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की मनोवैज्ञानिक शक्ति के बूते नित नए कीर्तिमान स्थापित किए जा रहे है। दरअसल नरेंद्र मोदी ऐसे करिश्माई नेतृत्व है, जिन्होंने इस महान देश के करोड़ों लोगों की अपेक्षाओं, आकांक्षओं, कल्पनाओं और सपनों को साकार करके स्वर्णिम भारत का पक्ष प्रशस्त किया है। आजादी के बाद सातवें दशक तक भारत ने संघर्षों की अनगिनत स्थितियां देखी है, लेकिन मोदी युग में करोड़ों बेघर लोगों को आशियाना देकर सामाजिक न्याय के संवैधानिक दायित्व को बेहद विनम्रता से पूर्ण किया। उनका विजन देश की अनेकों आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए समर्पित रहा। मोदी सरकार ने गरीबों के बैंक खाते, मुफ्त गैस कनेक्शन, मुफ्त बिजली कनेक्शन, शौचालय, वन-नेशन वन-टैक्स, किसानों की एम.एस.पी. की मांगों को पूरा करने का काम और लोक कल्याण से जुड़े ऐसे कई कार्यों को करके सफलता के नित नए आयाम स्थापित किए है। किफायती आवास, बुनियादी ढांचागत विकास, सार्वजनिक परिवहन तथा स्वच्छ भारत को प्रोत्साहित करने के मोदी सरकार के उपाय और प्रयास उल्लेखनीय है। देश को संवारने और सशक्त बनाने की प्रधानमंत्री मोदी की धुन ऐसी की वे हर दिवाली अपने सैनिकों के बीच सरहद पर होते है। दुश्मनों से लगती हुई सीमाओं पर जाकर अपने सैनिकों का साहस बढ़ाने और सबसे बड़े त्यौहार की खुशियां मनाने का ऐसा जज्बा दुनिया के शायद ही किसी राष्ट्राध्यक्ष ने दिखाया हो। वन रैंक वन पेंशन की वर्षों पुरानी मांग को मान कर उन्होंने सैनिकों का हौसला सातबें आसमान पर पहुंचा दिया, वहीं चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के पद के गठन से तीनों सेनाओं में समन्वय को बढ़ाकर भारत की सेना को दुनिया की चुनिंदा सेनाओं में शुमार कर दिया।  भारत के प्रधानमंत्री की लोकप्रियता, दूरदर्शिता और रचनात्मकता से न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया अभिभूत है। भारत की प्राचीन परम्परा योग को वैश्विक मंच पर स्थापित कर उन्होंने भारत की साख बढ़ाई। अमेरिका की जमीन पर मोदी-मोदी के नारे वहां के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भी अचरज में डाल देते है, वहीं महाशक्ति अमेरिका के राष्ट्रपति अपने देश में अपनी लोकप्रियता को बढ़ाने के लिए मोदी पर निर्भर होते है। यह वैश्विक इतिहास का अनोखा उदाहरण है और इससे प्रधानमंत्री मोदी की वैश्विक और सशक्त छवि का पता चलता है।



पाकिस्तान के बालाकोट में एयर स्ट्राइक का साहसिक और ऐतिहासिक कदम हो या डोकलाम में चीनी सेना को पीछे हटने पर मजबूर करने की आक्रामक कूटनीति, पाकिस्तान में आयोजित सार्क सम्मेलन के बहिष्कार का अग्रगामी कदम हो या इसके विकल्प में बिम्सटेक के सदस्य देशों को अपने शपथ ग्रहण समारोह में बुलाने जैसे आक्रामक कूटनीतिक कदम उठाने से भी उन्होंने परहेज नहीं किया। इस संगठन के देशों में वैश्विक जनसंख्या का लगभग 21 फीसदी हिस्सा रहता है। इन सभी देशों की कुल जीडीपी 2.5 ट्रिलियन डॉलर से भी ज्यादा है। जाहिर है कूटनीतिक के साथ आर्थिक मोर्चे पर भी देश का सशक्त करने का यह नरेंद्र मोदी सरकार का शानदार कदम माना गया। भारत को आत्म निर्भर और विकसित राष्ट्र के रुप में पहचान दिलाने के लिए कृत संकल्पित नरेंद्र मोदी सरकार ने साल 2014 में ÷मेक इन इंडिया÷ पहल की शुरुआत की थी। देश में विनिर्माण को प्रोत्साहित करने और विनिर्माण में निवेश के माध्यम से अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से ऑटोमोबाईल, खनन, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसके बेहद सकारात्मक प्रभाव पड़े और साल 2015 में भारत ने अमेरिका और चीन को पीछे छोड़ते हुए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में शीर्ष स्थान प्राप्त कर लिया था। यह मोदी सरकार की नीतियों का ही कमाल है कि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आबादी वाला भारत पिछड़ेपन को मात देकर अब तेजी से डिजिटल इण्डिया की ओर बढ़ रहा है। इस महत्वाकांक्षी योजना के द्वारा देश के हर नागरिक को डिजिटल शक्ति प्रदान की जा रही है, डिजिटल इंडिया से सभी क्षेत्रों के लोगों को ब्रॉडबैंड हाईवे की सुविधा, ई-गवर्नेस, कौशल विकास कार्यक्रम, ई-क्रांति योजना से जोड़ने का लक्ष्य पूरा किया जा रहा है। देश आधुनिक बनने की राह पर है और चुनिंदा शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने का काम तेजी से चल रहा है। स्मार्ट सिटी बनने से शहरी क्षेत्र एकदम नई तकनीक से युक्त हो जाएंगे। स्मार्ट सिटी एक ऐसी जगह होगी जहां सूचना तकनीक वहां के इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भूमिका निभाएगी।  भारत स्वच्छ देश के रुप में दुनिया में अपनी पहचान बनाये यह सरकार और समाज की प्राथमिकता में शामिल है। स्वच्छ भारत अभियान विश्व में अब तक का सबसे बड़ा स्वच्छता अभियान है जो भारत सरकार द्वारा चलाया जा रहा है। आजादी के बाद से ही अनुच्छेद 370 का जख्म भारत की आन-बान-शान को चुनौती दे रहा था। मोदी सरकार ने इस अनुच्छेद को समाप्त कर भारत मॉ के मस्तक को गौरवान्वित कर दिया। घट-घट में बसे भगवान राम भारत के आराध्य और मर्यादा पुरुषोत्तम है, अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण का इंतजार सैकड़ों वर्षों से हमारी पीढ़ियां कर रही है। मोदी युग में मिली यह खुशी अविस्मरणीय है। आधुनिक समाज व्यवस्था में रुकावट बना ट्रिपल तलाक हो या फिर पड़ोसी देशों में सताएं और भगाएं गए हिंदुस्तानियों की पीड़ा को कम करने के लिए बनाया गया नागरिकता संशोधन कानून हो, ये सारी उपलब्धियां युगों-युगों तक याद की जाएगी। कोरोना महामारी का डटकर मुकाबला करते हुए 20 लाख करोड़ रुपए के साथ आत्मनिर्भरता का मंत्र देकर भारत मॉ के लाड़ले सपूत और देश के प्रधानमंत्री ने एक बार फिर यह दिखाया कि यह महान देशी परेशानियों से झुकने या रुकने वाला नहीं है, बल्कि हर परिस्थिति से लड़कर वह इतिहास रचने को कृतसंकल्पित है।

# क्या चीन से आर्थिक और राजनैतिक बहिष्कार करना आसान हैं

एक कार्यालय में बहुत चतुर होशियार और चालाक बाबू ट्रांसफर होकर आया ,वैसे वह अपने कारनामों से कुख्यात रहा हैं। सब कर्मचारी अधिकारी के पास उस बाबू की समस्या लेकर आये। अधिकारी ने सबकी बात सुनी और पूछा अब रास्ता क्या हैं ?कुछ बोले हम अपना ट्रांसफर करा लेते हैं ,कुछ बोले उसका ट्रांसफर यहाँ नहीं होना चाहिए ,पर अधिकारी ने कहा बिना पूर्व धारणा के निर्णय नहीं लेना चाहिए । अधिकारी ने कहा की हमारे पास बहुत विकल्प हो सकते हैं। हम कभी कभी दुष्टा पत्नी का संग होने पर उससे अलग रह सकते हैं या तलाक दे सकते हैं ,पर इसी स्वाभाव के यदि हमारे माँ बाप भाई बहिन हो तो क्या उनसे आप छुटकारा पाने क्या करेंगे ?क्या उनसे तलाक ले सकते हैं। नहीं इसका मतलब हमें विषम परिस्थितियों में समता भाव से सामना करना चाहिए ,एक बात हमें कर्मसिद्धांत से समझना चाहिए की जो हो रहा हैं वह होता हैं ,होगा उसे हमें साक्षात भाव से द्रष्टा भाव से स्वीकार करना चाहिए ,क्या आप होने वाली घटना को रोक सकते हैं। आज बाबा रामदेव का कहना हैं की चीन से हमें राजनैतिक और आर्थिक बहिष्कार करना चाहिए। हम भी चाहते हैं पर करेंगे कैसे ?आज विश्व स्तर पर चीन का व्यापार फैला हुआ हैं ,उसने हमारी कमजोरी का फायदा उठाकर अपना व्यापार फैलाया। आज वह बहुत सीमा तक विश्व में केंद्रीकृत हो चूका। हर देश चीन के ऊपर आश्रित हो चूका हैं ,कोई भी क्षेत्र हो। विशेष रूप से खाद्य ,रसायन ,औषधि ,टेक्निकल ,मेकेनिकल आदि आदि। जब उसकी जेड इतनी अधिक विश्व में घर कर गयी हैं तब उससे निजात




पाना सरल नहीं होगा। यह बात वर्ष 1962 से चल रही हैं और जितना बहिष्कार उतना अधिक उसका उससे सहयोग मिल रहा हैं। आज भारत के सम्बन्ध चीन से अलग प्रकार के हैं ,इतनी प्रतिकूल स्थितिओं निर्मित करने के बाद भी हमें उससे सम्बन्ध बनाने के लिए मजबूर हैं क्यों /वर्तमान में हमारे मोदी जी ने कई बार चीनी नेताओं का अभूतपूर्व स्वागत किया आखिर क्यों ?हमने जापान ,रूस ,अमेरिका ,ब्रिटैन ,फ्रांस ,जर्मनी के साथ अन्य मध्य एशिया के मुस्लिम देशों से दोस्ती कर विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई पर हम चीन से अपने दुरी क्यों नहीं बना पा रहे हैं ?कारण सा? हैं की हम चीन के साथ इतने अधिक घुल मिल गए हैं की हम तलाक लेने की स्थिति में नहीं हैं। आज हम विचार करे की हम कितने अधिक किन किन देशों के ऊपर आश्रित हैं ,तब समझ में आएगा की हमारा व्यापारिक सम्बन्ध चीन से अधिकतम हैं और अनेको सामग्रियों में हम उस पर आश्रित हैं। यह बात विगत 6 वर्षों से कई बार सामने आयी की चीन हमारी सीमाओं को अतिक्रमित कर रहा हैं ,घुंसपैठ कर रहा हैं उसके बाद भी हमारी क्या म?बूरी हैं की उससे सम्बन्ध नहीं तो? पा रहे हैं। हमें मालूम हैं की वह पाकिस्तान का समर्थक हैं और उसे मदद देता हैं ,संयुक्त राष्ट में उसको बचाता हैं पर हम लाचार हैं। जो भी इसकी खिलाफत करना चाहते हैं उन्हें सुझाव ,किस प्रकार उससे सम्बन्ध विच्छेद करे खुल कर बताएं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हम सब देश आपस में गुथमगुथा हैं। और सबको एक दूसरे से सहयोग अपेक्षित हैं। कोई भी राष्ट पूर्ण रूप से स्वाबलबी नहीं हो सकता हैं। हां हम कुछ वर्षों में परालम्बी न हो यह प्रयन्त करना होगा। हमारा देश विपुल संस्थानों से बहुसंख्यक आबादी वाला देश हैं। कुछ वस्तुए हमारे देश में हैं तो कुछ अन्य देशों में। व्यापारिक गतिविधियों से आर्थिक वृद्धि होती हैं। आज क्यों विश्व के सभी देश भारत की ओर व्यापार के लिए क्यों देखते हैं ,कारण बहुल आबादी के कारण व्यापार की बहुत संभावनाएं हैं और रही हैं। यह चलन सनातन हैं। इस समय कोरोना संक्रमण के कारण समस्त प्रतिबन्ध लगने से हमारे पास धन होने के बाद सामग्री नहीं हैं तो उस धन की क्या उपयोगिता ?कारण एक दूसरे के सब पूरक हैं और उपादेय हैं। परस्परोग्रहो जीवानाम.इसका आशय एक जीव दूसरे जीव का उपकारी हैं। एक दूसरे की सहायता जीव द्रव्य की प्रकृति महान। इसीलिए यह सब भाव प्रतिकूल अवस्था में आते हैं अन्यथा अन्य देश हमारे लिए उपकारी होते हैं और हम अन्यों के लिए। क्या अभी हमने पाकिस्तान से व्यापारिक ,सांस्कृतिक खेल आदि सम्बन्ध समाप्त कर लिए हैं या पूर्ण रूप से कर सकते हैं। हाँ हमें अब विकेन्द्रीकृत नीतियां अपनानी होगी और धीरे धीरे पराधीनता से स्वाधीनता की ओर आना होगा।




# कार्तिक-जाह्नवी घर में कर रहे हैं समय व्यतीत

**मुंबई।** कोरोना के खिलाफ जंग में बाकी सेलेब्स की तरह कार्तिक-जाह्नवी भी घरों में बंद रहने के लिए मजबूर हैं। इस दौरान सेलेब्स फैन्स से बातचीत करने के अलावा अपनी क्वारनटीन लाइफ शेयर करने तक तमाम तरीके आजमा रहे हैं जिससे वे खुद को एंटरटेन कर सकें और फैन्स से लगातार जुड़े रह सकें।



बता दें कि कार्तिक आर्यन ने पिछले दिनों एक मोनोलॉग के जरिए लोगों को ये समझाने की कोशिश की थी, कि वे अपने घरों में रहें और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। उनके इस वीडियो की पीएम नरेंद्र मोदी ने भी काफी तारीफ की थी। हालांकि अब वह अपनी नई पोस्ट को लेकर चर्चा में हैं। कार्तिक ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है जिसमें उन्होंने फेस एप के एज फिल्टर का इस्तेमाल करके अपनी एक फोटो को एडिट किया है। उन्होंने ने अपनी फिल्म पति पत्नी और वो के किरदार चिंटू त्यागी वाली तस्वीर को एडिट किया है और इसे शेयर किया है। साथ ही लिखा कि लॉकडाउन में उम्र तेजी से बढ़ रही है। चलो बागबान का रीमेक बनाते हैं। हीरोइन के लिए कास्टिंग चल रही है। प्लीज अपनी एंट्रीज भेज दें। कार्तिक ने शायद ही सोचा होगा कि उनकी कास्टिंग वाली बात पर कैसे रिएक्शन आएंगे। लेकिन हुआ ये कि वाकई में कई एक्ट्रेसेज ने कार्तिक की इस पोस्ट पर कमेंट बॉक्स में जवाब देना शुरू कर दिया। जाह्नवी कपूर और भूमि पेडनेकर ने कार्तिक की इस पोस्ट पर रिप्लाई किया है। जाह्नवी कपूर ने कमेंट बॉक्स में लिखा कि मैं अपनी एंट्री भेज रही हूं।



# बानी जे और लिसा रे दुनियां के सामने कबूल करेंगे अपना प्यार

**मुंबई ।** अमेज़ॉन प्राइम वीडियो की ÷फोर मोर शॉट्स प्लीज!÷ का पहला सीजन काफी हिट रहा था और दूसरे सीजन का सबसे बहुप्रतीक्षित ट्रेलर हाल ही में रिलीज किया गया था जिसमें सभी किरदार नए अवतार में नज़र आ रहे है। पहले सीजन की मनोरंजक कहानी को आगे बढ़ाते हुए, दूसरे सीजन में बानी जे और लिसा रे का किरदार अपने रिश्ते के बारे में खुलकर सामने आने के लिए तैयार हैं! दूसरे सीज़न के मुख्य आकर्षण में से एक यह है कि इस बार की श्रृंखला में बानी जे और लिसा रे के किरदार सार्वजनिक रूप से अपने रिश्ते को दुनियां के सामने स्वीकार करेंगे, यह ऐसा कुछ है जिसे पिछले सीज़न में चार दिवारी के भीतर तक सीमित रखा गया था। इस तरह की सफल श्रृंखला में एलजीबीटीक्यू के साथ एक परिप्रेक्ष्य लाना और उसे हाईलाइट करना एक बहुत अच्छी पहल है। यह सीरीज निश्चित रूप से दिल जीत रही है। श्रृंखला ने वास्तव में उन विषयों को उजागर किया गया है जो ध्यान देने योग्य हैं और हम इससे शतप्रतिशत सहमत हैं! साथ ही, ट्रेलर इस बात को भी हाईलाइट किया है कि कैसे यह चार खूबसूरत लड़कियाँ हर सुख-दुःख में एक दूसरे का साथ देती है जो समय के साथ अधिक मजबूत होता जाता है और अटूट है! इस श्रृंखला का नेतृत्व शक्तिशाली महिलाएं कर रही हैं, जो अपनी शर्तों पर जीवन जीती हैं और अप्रकाशित हैं। शो के पहले सीजन का निर्देशन अनु मेनन ने किया था, जबकि दूसरे सीज़न का निर्देशन नुपुर अस्थाना ने किया है।

# अभिषेक ने देश की सेवा में लगे कर्मियों को दिया धन्यवाद

बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन ने इस लॉकडाउन में भी देश की सेवा में जुटे कर्मियों का धन्यवाद किया हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा कर कर्मियों का शुक्रिया अदा किया है। इस वीडियो में उन लोगों की तस्वीरें बनाकर दिखाई जाती है, जो समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का पालन उस वक्त भी रहे हैं, जब पूरी दुनिया इस महामारी से जूझ रही है। इनमें स्वास्थ्य कर्मी, फामेर्सी वर्कर, डिलीवरी करने वाले लोग, पत्रकार, सफाई कर्मी, बैक कर्मचारी सहित और भी कई शामिल हैं। वीडियो में जब ऐसे लोगों के चित्र को उकेरा जाता है, तब इसकी पृष्ठभूमि में %केसरी% फिल्म का गाना %तेरी मिट्टी% बज रहा होता है। %ऐ मेरी जमीं अफसोस नहीं/जो तेरे लिए सौ दर्द सहे/महफूज रहे तेरी आन सदा/चाहे जान मेरी ये रहे न रहे..% - ये इसी गाने की एक पंक्ति है, जिसमें यह साफतौर पर जाहिर होता है कि इस मुश्किल परिस्थिति में भी किस तरह से आवश्यक सेवा में लगे कर्मी देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी का पालन पूरी आस्था से कर रहे हैं। हालांकि इस वीडियो को पहले फिल्मकार गोल्डी बहल ने अपने इंस्टाग्राम पर साझा किया था।





# जैकलीन को सता रही माता-पिता की चिंता

**मुंबई ।** कोरोना वायरस के कारण देशभर में लॉकडाउन है। ऐसे में जो अपने परिवार से दूर है, वह जल्द उनके पास पहुंचना चाहता है। कुछ ऐसे ही पल परिवार से दूर मुंबई में ऐक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस बीता रही हैं। इस अकेलेपन में जैकलीन को परिवार बहुत याद आ रहा है। दरअसल, वह इस समय अपने घर पर बिल्कुल ही अकेली हैं। यही वजह है कि गल्फ देश में रह रहे उनके परिवार को उनकी चिंता अधिक सता रही है। इधर, जैकलीन भी परिवार के लोगों के स्वास्थ्य को लेकर बेहद चिंतित हैं। जैकलीन ने कहा कि %मम्मी-पापा की चिंता मुझे अधिक है। वे कैसे होंगे। इस समय मुझे उनके साथ होना चाहिए था। पर, दुर्भाग्य से मैं यहां हूं। मेरे भाई ऑस्ट्रेलिया में हैं लेकिन वे रिमोट एरिया में हैं, ऐसे में उनकी चिंता उतनी नहीं है, जितनी मम्मी-पापा की।% जैकलीन ने कहा कि वह हिंदी और उर्दू को मजबूत करने की कोशिश कर रही हैं। किताबें पढ़ रही हैं। पियानो भी सीख रही हैं। इस अकेलेपन में सोशल मीडिया उनके लिए किसी बड़े सहारे की तरह है। जैकलीन ने कहा कि जब यह पता है कि अब कुछ दिन आप बाहर नहीं निकल सकते। फिल्म के सेट पर नहीं जा सकते। तो ऐसे समय में कुछ क्रिएटिव, कुछ बेहतर करने की कोशिश कीजिए। मैं भी यही कर रही हूं। इससे खुद को पॉजिटिव रख पाती हूं।




# उर्वशी रौतेला ने शेयर की बिंदास फोटोज

इस समय देश भर में कोरोना वायरस के कारण 21 दिन का लॉक-डाउन चल रहा है। इस लॉक-डाउन के समय सभी लोग अपने-अपने घरो में कैद हैं। ऐसे में सेलेब्रिटीस अपने घर में रहकर कैसे समय बिता रहे हैं, यह वह सोशल मिडिया पर फोटोज और वीडियोस के द्वारा बता रहे हैं। कोई लोगों को चैलेंज दे रहा हैं तो कोई घर पर खाना बना रहा तो कोई अपने घरों की साफ-सफाई, बगीचों की साफ सफाई करने में व्यस्त हैं। इसी क?ी में बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने अपनी कुछ बिंदास तस्वीरों को शेयर किया है जो काफी पसंद की जा रही हैं।

# मणि भट्टाचार्य के साथ रोमांस करते दिखे पवन सिंह

भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार पवन सिंह का कोरोना वायरस के चलते हुए लॉक डाउन में भी एक भोजपुरी गाना जबरदस्त ट्रेंड कर रहा है। इस गाने में पवन सिंह, अक्षरा सिंह के साथ नहीं बल्कि मणि भट्टाचार्य रोमांस करते नजर आ रही है। बता दें कि अब पवन का जबर्दस्त गाना %बिन बियाहे राजा% यूट्यूब पर धूम मचा रहा है और इसे 5 करोड़ बार देखा गया है। ऐसा लग रहा है कि लोगों को पवन और मणि की जोड़ी पसंद आ रही है। बिन बियाहे राजा गीत में पवन अपने चिर परिचित अंदाज़ में नज़र आ रहे हैं। यहां देखें ये धमाकेदार भोजपुरी गाना- वैसे आपको बता दें कि ये गाना पवन की हिट फिल्म वांटेड का है और इस फिल्म का गाना %पलंगया ए पिया% पहले से सुपरहिट है जिसमें मणि और पवन



साथ दिखते हैं। इस गाने में मणि भट्टाचार्य के साथ पवन सिंह की कैमिस्ट्री कमाल है। इसी कारण कि ये गाना सोशल मीडिया पर जबरदस्त व्यूज बटोर रहा है। वहीं, पवन और अक्षरा में कुछ समय पहले मनमुटाव की खबरें आई थी और उसके बाद से पवन ने राखी सावंत, आम्रपाली और यहां तक की नई हीरोइनों के साथ भी काम किया है।

# तापसी ने साझा की अपनी पुरानी तस्वीर

तापसी ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक ऐसी ही तस्वीर साझा की हैं, जिसमें वह अपने नए हेयरस्टाइल और लुक को फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। तस्वीर में तापसी के बाल काफी छोटे नजर आ रहे हैं। अभिनेत्री ने इसके कैप्शन में लिखा, ÷और इस तरह एक्सपेरिमेंट जारी रहता है। चूंकि मेरे बाल कलर को ज्यादा दिनों तक झेल नहीं सकते, इसलिए मैंने इन्हें कटवा लिए। तापसी ने कहा कि मैने सुना था कि लोग अपने बालों की लंबाई से काफी ज्यादा जुड़े होते हैं, लेकिन फिर मैंने सोचा कि %ये घर की खेती है% और मुझे मेरे पंजाबी जीन्स पर पूरा भरोसा है, इसलिए मैंने बाल कटवा लिए।÷ तापसी की फिल्म %सांड की आंख% में उनकी सह-अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, ÷क्या यह कोई पुरानी तस्वीर है या तुमने सच में अपने बाल कटवा लिए।÷ इस पर तापसी ने लिखा, ÷पुरानी है






सियोल में अमेरिकी दूतावास के सामने अश्वेत युवक जार्ज की मौत के विरोध में प्रदर्शन करते हुए लोग।

# सीमा पर यथास्थिति बनाए रखने के भारत के दीर्घकालिक प्रयासों को महत्व नहीं देता चीनः टेलिस

**वाशिंगटन।** दक्षिण एशिया के मामलों पर नजर रखने वाले एक शीर्ष अमेरिकी विशेषज्ञ ने कहा कि भारत-चीन सीमा पर वर्तमान हालात बताते हैं कि विवादित सीमा पर यथास्थिति कायम रखने के भारत के दीर्घकालिक प्रयासों का चीन सम्मान नहीं करता। कार्नेगी एंडावमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस में सीनियर फेलो एशले टेलिस ने कहा अपनी हरकतों से बीजिंग ने नई दिल्ली को मजबूर किया है कि वह बाकी के एशिया के साथ मिलकर यह विचार करे कि चीन की 'फूट डालो और राज करो रणनीति' में आए नए बदलाव से किस तरह निपटना है। उन्होंने कहा भारत-चीन सीमा पर पैदा हुई वर्तमान स्थिति बताती है कि विवादित सीमा पर यथास्थिति कायम रखने के भारत के दीर्घकालिक प्रयासों का चीन सम्मान नहीं करता। टेलिस ने अपने हालिया शोध पत्र में कहा कि जम्मू-कश्मीर में भारत की आंतरिक गतिविधियों को उकसावे वाला बताते हुए उसने हिमालयी



सीमा क्षेत्र के नए हिस्सों में अपना कब्जा करने की कोशिश की। ऐसे में यदि वर्तमान में जारी बातचीत के कोई खास परिणाम नहीं निकलते हैं तो भारत के सामने दो मुश्किल विकल्प ही रहेंगे-या तो अपने नुकसान को कम से कम करने की कोशिश करे या फिर बल का इस्तेमाल करे। उन्होंने कहा ऐसा करके, उसने भारत को बाकी के एशिया के साथ मिलकर यह विचार करने पर मजबूर किया है कि चीन की 'फूट डालो, राज करो' की चाल में आए बदलाव से कैसे निपटा जाए, जो यह स्पष्ट रूप से दिखाता है कि चीन की ताकत बढ़ रही है।

# हजारों टन डीजल मिलने के बाद लाल हुई साइबेरियाई नदी

**मास्को।** रूस के साइबेरिया में एक पॉवर प्लांट से 20 हजार टन डीजल के रिसाव के बाद नजदीक से बहने वाली नदी का रंग सफेद से लाल हो गया है। गौरतलब है ?कि इस रिसाव के भयावहता को देखते हुए गुरुवार को राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने स्टेट इमरजेंसी का ऐलान किया था। जिस प्लांट से तेल का रिसाव हुआ है वह साइबेरिया के नोर्लिस्क शहर में स्थित है। पॉवर प्लांट से डीजल बहकर अंबरनाया नदी में मिल गया है। जिससे इस नदी का रंग बदल गया है। रूसी विशेषज्ञ इस नदी को साफ करने के लिए युद्धस्तर पर प्रयास कर रह हैं। वहीं कई पर्यावरण विशेषज्ञों ने दावा किया है कि इस नदी को साफ करने की लागत 1.16 बिलियन यूरो तक पहुंच सकती है। ऐसी आशंका है कि प्रदूषण ग्रेट आर्कटिक स्टेट नेचर रिजर्व में फैल सकता है।



बताया जा रहा है ?कि इस रिजर्व में प्रदूषण के पहुंचने से जलीय जीवन को भारी नुकसान हो सकता है। रूसी पर्यावरण विशेषज्ञों ने आने वाले दिनों में साइबेरिया क्षेत्र में जल और मृदा संकट की आशंका जताई है। उन्होंने कहा है कि इस रिसाव से 350 वर्ग मील से ज्यादा एरिया प्रभावित है। यहां की अंबरनाया नदी में 15 हजार टन पेट्रोलियम उत्पाद मिल गए हैं। जिसकी सफाई करना अब बहुत मुश्किल काम है। यह नदी आगे जाकर एक झील से मिलती है।

## कोरोना वायरस के इलाज में कारगर हो रही गठिया की दवा

**वॉशिंगटन।** वैश्विक महामारी बन चुके जानलेवा कोरोना वायरस के कहर से विश्व में 3 लाख 93 हजार 142 लोग काल के गाल में समा गए हैं और करीब 67 लाख लोग इस महामारी के संक्रमण के शिकार हैं। कोविड-19 महामारी से इस जंग में अब धीरे-धीरे सफलता मिलती दिख रही है। ताजा शोध में पता चला है कि गठिया रोग में दी जाने वाली दवा एक्टीरमा कोरोना मरीजों की जान बचाने में बेहद कारगर साबित हो रही है। यही नहीं कोरोना से जारी इस लड़ाई में प्लाज्मा थेरेपी भी मरीजों को जल्द स्वस्थ करने के लिए सफल हथियार बन रही है। एक चिकित्सकीय वेबसाइट पर प्रकाशित ताजा शोध में कहा गया है कि गठिया रोग में दी जाने वाली दवा एक्टीरमा को देने से कोरोना वायरस से पीडित मरीजों के मरने की दर घटकर आधी हो गई।

# कोलोना काल भारत के लिए आयुष्मान भारत योजना को आगे बढ़ाने का बड़ा अवसर : गेब्रेयसस

**जेनेवा ।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख टेड्रॉस अदानोम गेब्रेयसस ने कहा कि कोरोना महामारी ने जहां दुनिया के कई देशों के लिए बड़ा संकट खड़ा कर दिया है, वहीं भारत की स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत को आगे बढ़ाने का बड़ा 'अवसर' भी साबित हो सकती है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक गेब्रेयसस ने कहा कि मौजूदा कोरोना संकट भारत के लिए विशेषरूप से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा को आगे बढ़ाने का अवसर लेकर आया है। भारत में कोरोना वायरस के मामले अब भी काफी तेजी से बढ़ रहे हैं।



शुक्रवार को कोरोना वायरस के मामलों की संख्या में इटली को पीछे छोड़कर भारत छठे स्थान पर पहुंच गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार भारत में कोविड-19 संक्रमण के मामले 2,36,657 पर पहुंच गए हैं। अब तक यह महामारी देश में 6,642 लोगों की जान ले चुकी है। गेब्रेयसस ने जिनेवा में संवाददाता सम्मेलन में कहा, निश्चित रूप से कोविड-19 दुनिया के कई देशों के लिए एक बड़ी चुनौती है, लेकिन हमें इसें अवसरों को भी खोजना होगा। उदाहरण के लिए भारत में यह आयुष्मान भारत योजना को आगे बढ़ाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि विशेषरूप से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान दिया जा सकता है। मुझे इस बात की जानकारी है कि सरकार आयुष्मान भारत को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। आयुष्मान भारत दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है। नरेंद्र मोदी सरकार ने 2018 में इसकी शुरुआत की थी। मोदी ने पिछले महीने कहा था कि इस योजना का लाभ लेने वालों की संख्या एक करोड़ को पार कर गई है।

# उत्तर कोरिया ने द.कोरिया के साथ संपर्क कार्यालय बंद करने की धमकी दी

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने सीमा पर उसके खिलाफ पर्चे भेजने से कार्यकर्ताओं को नहीं रोक पाने के लिए अपने प्रतिद्वंद्वी दक्षिण कोरिया की निंदा कर एक संपर्क कार्यालय को स्थायी रूप से बंद करने की चेतावनी दी है। उत्तर कोरिया की सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी का बयान शुक्रवार को आया।इसके एक दिन पहले देश के नेता किम जोंग उन की



प्रभावशाली बहन ने कहा था कि अगर सियोल कार्यकर्ताओं को नहीं रोक पाता,तब उनका देश उसके साथ तनाव कम करने के लिए 2018 में हुए सैन्य समझौते को समाप्त कर देगा। उन की बहन किम यो जोंग ने कहा था कि उत्तर कोरिया सीमावर्ती शहर केसांग में संपर्क कार्यालय और एक संयुक्त फैक्ट्री पार्क को भी स्थायी रूप से बंद कर सकता है जो दोनों देशों के बीच सुलह का प्रतीक रहे हैं। उत्तर कोरिया के साथ कमजोर पड़ती अपनी कूटनीति को जीवंत बनाये रखने के लिए परेशान दक्षिण कोरिया ने जवाब में कहा कि वह उत्तर कोरिया की ओर गुब्बारों से पर्चे भेजने से कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए नए कानून बनाएगा। लेकिन वर्कर्स पार्टी के अंतर-कोरियाई मामलों के विभाग के अज्ञात प्रवक्ता ने कहा कि सियोल के वादे में गंभीरता नहीं है और उत्तर कोरिया द्वारा उठाए जाने वाले कदमों की श्रृंखला में संपर्क कार्यालय को बंद करना पहला कदम होगा जिससे दक्षिण कोरिया को बहुत नुकसान होगा। बयान में कहा गया कि जोंग के निर्देशों के तहत उत्तर कोरिया ने पहले कदम के तौर पर केसांग औद्योगिक क्षेत्र में स्थित संयुक्त संपर्क कार्यालय को निश्चित रूप से बंद करने का फैसला किया है।



चीन की राजधानी बीजिंग में कोरोना वायरस के बचाव के लिए मास्क लगाकर निकलते हुए लोग।

# माली में नॉर्थ अफ्रीका का अलकायदा चीफ अब्देल ढेर

**पेरिस।** फ्रांस ने कहा है कि माली में नॉर्थ अफ्रीका के अलकायदा चीफ अब्देलमालेक ड्रॉकडेल को मार गिराया गया है। फ्रांस की रक्षा मंत्री फ्लोरेंस पार्ली ने कहा कि माली में इस ऑपरेशन के दौरान इस्लामिक स्टेट ग्रुप के एक सीनियर कमांडर को दबोच लिया गया। यह आतंकवाद के खिलाफ बड़ी सफलता है और हमारे सैनिक इन आतंकियों के खिलाफ अपना अभियान जारी रखेंगे। साल 2013 से ही माली में हजारों फ्रांसीसी सैनिक तैनात हैं। ये सैनिक इस्लामिक स्टेट के आतंकियों के खिलाफ जंग लड़ रहे हैं। अलकायदा इस्लामिक मगरेब के हेड अब्देलमालेक नॉर्थ अमेरिका में अलकायदा के सभी ऑपरेशंस को संचालित करता था। साथ ही अलकायदा के जमात नुसरत अल-इस्लाम वल मुस्लिमिम की भी अगुवाई करता था। उसने अफगानिस्तान में भी लड़ाई लड़ी थी।

# विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेताया, लाकडाउन हटने से विस्फोटक हो सकता हैं भारत में कोरोना

**जेनेवा ।** विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक प्रमुख विशेषज्ञ ने भारत को चेतावनी देकर कहा है कि लॉकडाउन हटने से भारत में कोरोना के मामलों में उछाल देखने को मिल सकता है। उन्होंने कहा कि हालांकि, भारत में कोरोना महामारी को लेकर स्थिति अभी विस्फोटक नहीं है, लेकिन देश में मार्च में लागू लॉकडाउन हटाने की तरफ बढ़ने के साथ इस तरह का जोखिम बना हुआ है। डब्ल्यूएचओ के स्वास्थ्य आपात स्थिति कार्यक्रम के कार्यकारी निदेशक मिशेल रियान ने शुक्रवार को कहा कि भारत में कोरोना के मामलों की संख्या दोगुने होने का समय इस स्तर पर करीब तीन सप्ताह है। रियान ने कहा कि भारत के विभिन्न हिस्सों में महामारी का असर अलग-अलग है और शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के बीच इसमें अंतराल है। दक्षिण एशिया में न केवल भारत में बल्कि घनी आबादी वाले दूसरे देशों जैसे बांग्लादेश और पाकिस्तान में भी महामारी का रूप विस्फोटक नहीं हुआ है। लेकिन ऐसा होने का खतरा हमेशा बना हुआ है। रियान ने



कहा कि जब महामारी पनपकर समुदायों के बीच पैठ बना लेती है,तब यह किसी भी समय अपना प्रकोप दिखा सकती है, जैसा कई स्थानों पर देखा गया। उन्होंने कहा कि भारत में देशव्यापी लॉकडाउन जैसे कदमों ने संक्रमण को फैलने की रफ्तार कम रखी है लेकिन देश में गतिविधियां शुरु होने के साथ मामले बढ़ने का खतरा बना हुआ है। रियान ने कहा कि भारत में उठाए कदमों का निश्चित रूप से संक्रमण फैलने की रफ्तार कम करने की दिशा में असर हुआ और अन्य बड़े देशों की तरह भारत में भी गतिविधियां शुरू होने, लोगों की आवाजाही फिर से आरंभ होने के बाद महामारी के प्रकोप दिखाने का जोखिम हमेशा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत में बड़े स्तर पर पलायन, शहरों में घनी आबादी तथा श्रमिकों के पास रोजाना काम पर जाने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं होने जैसे विशिष्ट मुद्दे भी हैं। भारत कोविड-19 महामारी के मामले में इटली को पीछे छोड़कर दुनिया का छठा सबसे बुरी तरह प्रभावित देश बन गया है। डब्ल्यूएचओ की मुख्य वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने कहा कि 130 करोड़ से अधिक की आबादी वाले देश में कोरोना के दो लाख से अधिक मामले ज्यादा लगते हैं, लेकिन इतने बड़े देश के लिए यह संख्या अब भी बहुत अधिक नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत एक विशाल देश है जहां बहुत घनी आबादी वाले शहर हैं, वहीं कुछ ग्रामीण इलाकों में कम सघन बसावट है और इसके अतिरिक्त विभिन्न राज्यों में स्वास्थ्य प्रणालियों में भी विविधता है तथा इन सबकी वजह से कोविड-19 को नियंत्रित करने में चुनौतियां सामने आ रही हैं।

# एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप में भाग लेगी भारतीय टीम



**नई दिल्ली ।** भारतीय बधिर क्रिकेट टीम संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले डीआईसीसी क्रिकेट एकदिवसीय विश्व कप में शामिल होगी। यह विश्व कप 19 से 29 अक्टूबर 2021 तक खेला जाएगा। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) के तहत आने वाली भारतीय टीम को बधिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (डीआईसीसी), दक्षिण अफ्रीका ने इस टूर्नामेंट में भाग लेने के लिये आमंत्रित किया है। डीआईसीसी ने भारतीय टीम के टी20 और एकदिवसीय में पूर्व के अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए यह आमंत्रण दिया है। आईडीसीए के अध्यक्ष सुमित जैन ने कहा, ''हम इस आमंत्रण से बेहद उत्साहित हैं और खिलाड़ी आगामी टूर्नामेंट को लेकर काफी खुश हैं। हमारी टीम पूर्व में आयोजित टूर्नामेंटों में अपनी क्षमता को साबित कर चुकी है। विश्व कप 2021 में खेलने का निमंत्रण हमारे खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत का प्रमाण है।

## मानसिक सेहत को लेकर खुलकर बात करें खिलाड़ी : डोमिंगो

**ढ़ाका ।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रसेल डोमिंगो टीम ने कहा है कि अब खेल में भी मानसिक सेहत को लेकर खुलकर बात होनी चाहिये। डोमिंगो ने कहा कि एक ऐसा माहौल तैयार किया जाना चाहिये जिससे कि खिलाड़ी शारीरिक और मानसिक पहलुओं से जुड़े मामलों पर खुलकर बात करें। डोमिंगो इसके साथ ही चाहते हैं कि खिलाड़ी भी अपने मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरुक रहे। उन्होंने कहा, ''जहां तक मानसिक थकान की बात है तो मैं चाहता हूं कि खिलाड़ियों को इस मामले में ईमानदार होना चाहिए और उन्हें खुलकर अपनी बात रखनी चाहिए।'' डोमिंगो ने कहा, ''सभी खिलाड़ी इन पहलुओं पर बात करने में खुद को सहज नहीं पाते हैं पर हम ऐसा माहौल तैयार करना चाहते हैं जहां हमारी टीम, हमारे खिलाड़ी इस पर खुलकर बात करें कि वे कैसा महसूस कर रहे हैं और क्या उन्हें विश्राम चाहिए और क्या यह शारीरिक या मानसिक मुद्दा है।'' ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल ने अपनी समस्याओं से निबटने के लिये जब खेल से विश्राम लिया था तब क्रिकेटरों के मानसिक स्वास्थ्य का मसला सामने आया था।

## बेहतर विदाई के हकदार थे लक्ष्मण, गंभीर और सहवाग

**नई दिल्ली।** खिलाड़ियों की विदाई का मुद्दा भारतीय क्रिकेट में हमेशा से अहम रहा है। हर खिलाड़ी चाहता हैं, कि वह मैदान से खेल को अलविदा कहे लेकिन हर किसी का यह सपना पूरा नहीं हो पाता। दिग्गज ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने इस मुद्दे पर अपनी राय रखते हुए कुछ खिलाड़ियों का जिक्र किया है, जिन्हें वह बेहतर विदाई का हकदार मानते हैं। हरभजन ने कहा है वीरेंदर सहवाग, गौतम गंभीर और वीवीएस लक्ष्मण जैसे खिलाड़ियों को बेहतर फेयरवेल मिलना चाहिए था। आकाश चोपड़ा के साथ बात करते हुए हरभजन ने कहा कि अगर हम अपने खिलाड़ियों का सम्मान नहीं करेंगे,तब बाहर भी कोई ऐसा नहीं करेगा। उन्होंने निराशा जताते हुए कहा कि वह नहीं चाहते कि जैसा उनके साथ हुआ है वैसा किसी दूसरे के साथ हो। भारत के लिए 103 टेस्ट, 236 वनडे इंटरनैशनल और 28 टी20 इंटरनैशनल मैच खेलने वाले भज्जी ने सीमित ओवरों के प्रारूप में 294 विकेट लिए हैं। उन्होंने आखरी बार टेस्ट मैच 2015 में श्रीलंका के खिलाफ खेला था वहीं उसी साल साउथ अफ्रीका के खिलाफ वह अपना आखिरी टी20 इंटरनैशनल खेले थे। उन्होंने कहा, मुझे हमेशा इस बात का दुख रहता है कि चीजों को बेहतर तरीके से संभाला जा सकता था। 100 टेस्ट मैच खेलना किसी भी खिलाड़ी के लिए बड़ी बात होती है। मैं खुशकिस्मत हूं कि मैं उनमें शामिल हूं। मैं मानता हूं कि मेरे प्रदर्शन में थोड़ी गिरावट आई होगी या मैं उम्मीद के मुताबिक अच्छा खेल नहीं दिखा रहा होऊंगा लेकिन चीजों को बेहतर तरीके से संभाला जा सकता था। कोई मुझसे बात करने नहीं आया। मैं वेस्टइंडीज से 400 विकेट पूरे करके लौटा और उसके बाद मुझे टेस्ट टीम से ड्रॉप कर दिया और दोबारा फिर कभी नहीं चुना गया।% हरभजन ने भारत के लिए 417 टेस्ट विकेट लिए। वह अनिल कुंबले और कपिल देव के बाद भारत के तीसरे सबसे कामयाब गेंदबाज हैं।



# आईसीसी ने गेंद पर लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया



दुबई (ईएमएस)। अंतरराष्ट्री क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कोरोना वायरस महामारी संक्रमण को देखते हुए गेंद पर लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। इससे पहले अनिल कुंबले की अध्यक्षता वाली आईसीसी क्रिकेट समिति ने लार पर प्रतिबंध की सिफारिश की थी। वहीं कई पूर्व गेंदबाजों ने कहा था कि लार को कोई विकल्प देना चाहिये पर आईसीसी ने उससे भी इंकार कर दिया है। इससे साफ है कि अब गेंदबाजों को गेंद में चमक लाने के लिए लार की जगह पर पसीने का इस्तेमाल करना होगा। आईसीसी ने कहा है कि कोई खिलाड़ी अगर गेंद पर लार लगाता है तो उसे और टीम को दो बार चेतावनी दी जाएगी। वहीं अगर इसके बाद भी खिलाड़ी ऐसा करते हैं तो विरोधी टीम को पांच रन अतिरिक्त दे दिये जाएंगे. आईसीसी ने सभी टीमों को कोरोना वायरस होने पर किसी खिलाड़ी को बदलने का भी विकल्प दिया है। इसका मतलब यह है कि अगर टेस्ट मैच के दौरान किसी खिलाड़ी को कोरोना वायरस होता है तो उसकी जगह किसी दूसरे खिलाड़ी को शामिल किया जा सकता है। वैसे ही जैसे किसी खिलाड़ी को चोट लगने पर दूसरा खिलाड़ी खेलता है। पीड़ित खिलाड़ी की जगह कौन खिलाड़ी खेलेगा, इसका फैसला मैच रेफरी को करना होगा हालांकि यह नियम केवल टेस्ट मैचों में ही लागू होगा।

## ओडिशा एफसी ने अनुभवी गोलकीपर कमलजीत से करार किया

**भुवनेश्वर ।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के सातवें टूर्नामेंट से पहले ओडिशा एफसी ने गोलकीपर कमलजीत सिंह के साथ करार किया है। कमलजीत ने इससे पहले भी हैदराबाद एफसी की ओर से खेला हैं।कमलजीत कोच इगोर स्टीमाक के मार्गदर्शन में किंग्स कप, इंटरकांटिनेंटल कप और पिछले साल बांग्लादेश के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर में हिस्सा लेने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं। कमलजीत ने कहा, '' मेरे में रुचि दिखाने के लिए मैं क्लब प्रबंधन का आभारी हूं। मैं ओडिशा की ओर से खेलने को लेकर उत्साहित हूं और उम्मीद करता हूं कि मैं टीम के प्रदर्शन में अपनी तय भूमिका का सही से निर्वाहन कर पाउंगा।''गौरतलब है कि आईएसएल में एफसी पुणे सिटी की ओर से खेलने से पहले कमलजीत स्पोर्टिंग क्लब डि गोवा और मिनर्वा पंजाब एफसी का हिस्सा भी रहे हैं।

# श्रीलंका ने एशिया कप की मेजबानी का प्रस्ताव रखा




**कोलंबो।** श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी का दावा किया है। श्रीलंका ने इस टूर्नामेंट की मेजबानी की पेशकश करते हुए दावा किया है कि मूल मेजबान पाकिस्तान भी उसके प्रस्ताव से सहमत है।श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के प्रमुख शमी सिल्वा ने कहा है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और एसीसी सहमत हैं कि श्रीलंका इस टूर्नामेंट की मेजबानी कर सकता है। गौरतलब है कि एशिया कप का आयोजन सितंबर में होना पर कोरोना वायरस महामारी के कारण इसको लेकर संशय बना हुआ है। इस बार मेजबानी की बारी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की है पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की आपत्ति के कारण इसको किसी अन्य देश में आयोजित किया जाएगा। बीसीसीआई ने साफ कहा है कि दोनो देशों के बीच तनाव को देखते हुए भारतीय टीम पाक में खेलने नहीं जा सकती। वहीं एसीसी भारतीय टीम के बिना एशिया कप को आयोजन कर नहीं सकता क्योंकि सबसे ज्यादा राजस्व उसे भारतीय बोर्ड से ही मिलता है। इसी को देखते हुए श्रीलंकाई बोर्ड ने अपना दावा किया है। सिल्वा ने कहा, ''हमने पीसीबी के साथ चर्चा की और मौजूदा हालात को देखते हुए वे हमारे इस टूर्नामेंट की मेजबानी करने पर सहमत हो गए हैं।''उन्होंने कहा, ''एसीसी की एक बैठक ऑनलाइन बैठक हुई और उन्होंने हमें टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए हरी झंडी दे दी। कोविड-19 महामारी के प्रभाव और परिणाम को देखते हुए एशिया कप 2020 संभावित आयोजन स्थल के विकल्पों पर चर्चा की गई और फैसला किया गया कि समय आने पर अंतिम फैसला किया जाएगा।''एसीसी बोर्ड बैठक की अध्यक्षता बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष नजमुल हसन पेपोन ने की और यह पहली महाद्वीपीय बैठक है जिसमें भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली (बोर्ड सदस्य) और सचिव जय शाह (पदेन अधिकारी) ने भी हिस्सा लिया।

## फ्लिपकार्ट पर मौखिक निर्देश से खरीद सकेंगे किराना सामान

**नई दिल्ली ।** वालमार्ट के स्वामित्व वाली फ्लिपकार्ट ने अपने मंच पर मौखिक निर्देश देने की सुविधा शुरू की है। इससे ग्राहकों को हिंदी और अंग्रेजी में निर्देश देकर खरीदारी करने में आसानी होगी। कंपनी ने कहा कि उसने इस सेवा को अपने किराना मंच सुपरमार्ट पर शुरू किया है। इससे ग्राहक विभिन्न भाषाओं में मौखिक निर्देश देकर सामान को खोज और खरीद सकेंगे। शुरुआत में यह सुविधा हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध होगी, जल्द ही इसे अन्य भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराया जाएगा। कंपनी की प्रौद्योगिकी टीम ने कृत्रिम मेधा आधारित वायस कमांड सुविधा विकसित की है। यह आवाज को पहचाने और भाषा को समझने में सक्षम है। इसका इस्तेमाल फ्लिपकार्ट के मोबाइल एप पर किया जा सकेगा। कंपनी के मुख्य उत्पाद और प्रौद्योगिकी अधिकारी जनार्दन वेणुगोपाल ने कहा कि घरेलू ई-वाणिज्य कंपनी के तौर पर हम वीडियो और भारतीय भाषाओं को समझने वाली मौखिक निर्देश प्रणाली की देश की पहली नवोन्मेषी प्रौद्योगिकी बना रहे हैं। अगला लक्ष्य ई-वाणिज्य के लिए वॉयस क्षमताओं का और बेहतर करने की दिशा में होगा।




# हीरो मोटोकॉर्प को चौथी तिमाही में 613 करोड़ का मुनाफा

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख दोपहिया वाहन कंपनी हीरो मोटोकॉर्प को वित्त वर्ष 2019-20 की चौथी तिमाही में 613.81 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है। यह इससे पिछले वित्त वर्ष 2018-19 की जनवरी-मार्च तिमाही में हुए 776.23 करोड़ रुपए के मुनाफे के मुकाबले 26.46 प्रतिशत कम है। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक समीक्षावधि में कंपनी की परिचालन आय 6,333.89 करोड़ रुपए रही। इससे पिछले वित्त वर्ष 2018-19 की चौथी तिमाही में यह 8,120.73 करोड़ रुपए थी। इस दौरान कंपनी ने कुल 13.23 लाख वाहनों की बिक्री की। पूरे वित्त वर्ष 2019-20 के लिए कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 3,641.12 करोड़ रुपए रहा। पिछले वित्त वर्ष 2018-19 में यह 3,451.37 करोड़ रुपए था। इस दौरान कंपनी की परिचालन से आय 29,255.32 करोड़ रुपए रही जो 2018-19 में यह 33,972.23 करोड़ रुपए थी। पूरे साल में कंपनी ने 63.98 लाख दोपहिया वाहनों की बिक्री की। इस बारे में कंपनी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक पवन मुंजाल ने कहा कि वैश्विक स्तर पर 2019-20 वाहन उद्योग के लिए चुनौतीपूर्ण रहा। बावजूद इसके हीरो मोटोकॉर्प ने अच्छा प्रदर्शन किया। कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी निरंजन गुप्ता ने कहा कि कंपनी ने लॉकडाउन के बाद तेजी से उबरना शुरू कर दिया है। कंपनी लागत बचाने के लिए सभी अनिवार्य कदम उठा रही है।



# असामाजिक तत्वों के विरूद्ध सख्ती के साथ कार्रवाई करें

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को दिए निर्देश

**ग्वालियर।** कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिए कि असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करें। सभी एसडीएम, एसडीओपी, संयुक्त रूप से क्षेत्र का भ्रमण भी करें। कलेक्टर श्री सिंह ने उक्त आशय के निर्देश सोमवार को कलेक्ट्रेट में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की आयोजित संयुक्त बैठक में दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री नवनीत भसीन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शिवम वर्मा, एडीएम श्री किशोर कन्याल, अपर कलेक्टर श्री टी एन सिंह, अपर कलेक्टर श्री रिंकेश वैश्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुमन गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पंकज पाण्डेय सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी आदि उपस्थित थे। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि किसी प्रकार का भी आयोजन या



कार्यक्रम हो, हमें शासन के दिशा-निर्देशों के साथ सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराना आवश्यक है। इसके लिये आयोजन कर्ताओं को पूर्व में ही अवगत करा दिया जाए। शासन के दिशा-निर्देशों का पालन न करने पर कार्यवाही करें। उन्होंने निर्देश दिए कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के विरूद्ध सख्ती के साथ कार्रवाई करें। असामाजिक तत्वों के विरूद्ध धारा-107 एवं 122 के तहत बाउण्डओवर की कार्रवाई की जाए। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने पर संबंधित के विरूद्ध आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई करें। पुलिस अधीक्षक श्री नवनीत भसीन ने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम एवं एसडीओपी संयुक्त रूप से भ्रमण करें। आपसी संवाद बनाते हुए समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों से चर्चा कर कोरोना के संक्रमण न फैले, इसके लिये भीड को इकठ्ठा न होने दें तथा लोग घर से बाहर मास्क लगाकर निकलें। मास्क का उपयोग न करने पर चालानी कार्रवाई करें।

# जिन मुद्दों को लेकर कांग्रेस डरती थी मोदी सरकार ने उन्हें सुलझाया-शेजवलकर

## सरकार की उपलब्धियों को लेकर भाजपा पहुंची घर-घर

**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा मोदी सरकार की एक साल की उउपलब्धियों को लेकर घर घर जनसंपर्क कर पत्रक का वितरण किया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ता जिले के 9 मंडलों में बूथ स्तर पर पहुंचे। ग्वालियर सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने आज इंदरगंज चैराहे से दाबबाजार क्षेत्र में जनसंपर्क किया। इस मौके पर ग्वालियर सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने बताया कि मोदी सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियो को ऐतिहासिक हैं। इस एक साल में मोदी सरकार ने पिछले 75 वर्षों की समस्याओं को हल कर दिया। उन्होंने कहा कि जिन मुद्दों को छूने से कांग्रेस डरती थी मोदी सरकार ने उक्त मुद्दों को सुलझा दिया। मोदी जी ने धारा 370 को समाप्त कर भारत माता के माथे पर से कलंक हटाया है.साथ ही श्रीराम मंदिर निर्माण, एक देश एक टैक्स जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी पर प्रभावी नियंत्रण केंद्र सरकार की बड़ी उपलब्धि है। श्री शेजवलकर ने कहा कि मोदी सरकार ने 6 वर्षों में गरीबों का कल्याण किया है। मुद्रा योजना के माध्यम से रोजगार, आवास योजना के माध्यम से मकान और आयुष्मान भारत योजना से स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि समाज के हर तबके की चिंता भाजपा सरकार कर रही है। इस मौके पर संसद शेजवलकर ने क्षेत्र में कार्यकर्ताओं से संपर्क कर पत्रक वितरण किए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं से मोदी सरकार की योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने का आव्हान किया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी आज विश्व नेता हैं और सारी दुनिया कोरोना संकट जैसी समस्या के समाधान के लिए भारत और उसके प्रधानमंत्री की ओर देख रही है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरु बनने के रास्ते पर चल पड़ा है। पत्रक वितरण के अवसर पर अशोक बांदिल, राकेश गुप्ता, पारस जैन, जितेंद्र गुर्जर, दीपक शर्मा, चंद्रप्रकाश गुप्ता, उषा शर्मा, विनती शर्मा, जयंत शर्मा, प्रमोद जैन, रवि पांडेय, रमाकांत महेते आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# बेजवानो की कर रहे है सेवा



**हेमंत आर्य रिपोर्टर**

ग्वालियर / हम है ना शिक्षा एवं सशक्तिकरण समिति के सदस्यों के सहयोग से रोजाना जानवरो,पशु पक्षियों के लिए भोजन की व्यवस्था की जा रही है।ग्वालियर में जगह जगह जाकर इस कार्य को किया जा रहा है।इसके लिए हमने दो टीम तैयार करी है,सभी टीम ने बहुत बेहतरी के साथ इस नेक कार्य को किया जा रहा है। जिसमे की...गाय के लिए-रोटी, हरा चारा, कबूतरों के लिए-चने,पीली सरसों,चावल, बंदरो के लिए-केले,चने,फ्रूटी ब्रेड, कुत्तों के लिए-दूध,ब्रेड, मछलियो के लिए-आटे की गोलियां, चींटियों के लिए-आटा,काले तिल,शक्करइस सब खाने के समान का प्रयोग किया जा रहा है,हम दिल से आभारी है आप सभी के जो इस नेक कार्यों में हमारा साथ निरन्तर रखे हुए है। संस्थापक, सुनील कुमार राठौर,चंदन कुशवाह, नीरू राठौर ,सतेंद्र राठौर, नीरज गौड़,काजल राजपूत, शुभम कुशवाह ,शुशांत राठौर,आरती भिलवार, नीलम राजपूत, तरुणा जाटव, पूनम माहौर, अंशिका शर्मा अंजुम बानो आंशिक जादोन, लक्मी राजपूत, प्रतीक राठौर, प्रिया राठौर,युवराज राजपूत, दिव्यांश राजपूत हमारी संस्था घायल ओर बीमार जानवरो का इलाज भी करती तथा उन्हें हॉस्पिटल भी भेजती हैं



# क्राईम ब्रांच की सतर्कता से फरियादी के खाते से गये हुये रूपये वापस मिले

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री नवनीत भसीन, भापुसे को दिनांक 12.03.2020 को आवेदक पूरन सिंह गुर्जर निवासी ग्वालियर ने एक लिखित शिकायतीआवेदन पत्र प्रस्तुत किया जिसमे उनके द्वारा बतायागया कि मेरीजानकारी के बिनामेरेक्रेडिटकार्ड से 96493/- रूपयेनिकालेजाने की षिकायतकी। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा उक्तशिकायतीआवेदन पत्र कोगंभीरता से लेतेहुऐअति0 पुलिस अधीक्षक,अपराध ग्वालियर श्रीसतेन्द्र सिंह तोमर एवं डीएसपीअपराधश्रीरत्नेष सिंह तोमर को उक्तशिकायत की जांचक्राइमब्रांच ग्वालियर से करानेहेतु थाना प्रभारीक्राईमब्रांच को निर्देशित किया। वरिष्ठअधिकारियों के निर्देशों के परिपालनमें थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच ग्वालियर श्री दामोदर गुप्ता द्वारा उनि0 धर्मेन्द्र शर्मा को उक्तशिकायत पर कार्यवाही करने हेतुनिर्देशित किया। उनि0 धर्मेन्द्र शर्मा ने उनि0हरेन्द्रराजपूत, आर0 शिवशंकर शर्मा, आर0 सुनील शर्मा, आर0 श्याममिश्रा, आर0 सुमितभदौरिया व आर0 ओमषंकरसोनीके साथ मिलकर त्वरित कार्यवाही करते हुये बैंक से संपर्क कर खाते को होल्ड करवा कर बैंक के अधिकारियों व हाई ऑथोरिटी से सम्पर्क कर त्वरित कार्यवाही करते हुये 96493/- रू0 फ रियादी के खाते में वापस करवाये। फ रियादीने थाना में उपस्थित होकर आभारव्यक्त किया है। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा पैसे वापस कराने वाली टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की।



## अलग-अलग हादसों में दो की मौत

**ग्वालियर।** शहर के मुरार थाना क्षेत्र में स्थित बड़ागांव हाईवे पर ट्रक की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई वहीं ग्वालियर थाना क्षेत्र मैं करंट लगने से एक अधेड़ की मौत हो गई पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है! जानकारी के अनुसार महल गांव निवासी बंटी 35 वर्ष अपने मौसेरे भाई बृजेंद्र गुर्जर के साथ अपने किसी दोस्त से मिलने बाइक से गए थे जब वह दोनों बाइक से वापस आ रहे थे तभी बड़ा गांव हाईवे पर एक ट्रक क्रमांक ह्ल्द्र11 जीबी 5443 उनकी बाइक में टक्कर मार दी इस हादसे में दोनों बाइक सवार युवक घायल हो गए घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा जहां उपचार के दौरान बंटी की मौत हो गई पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश प्रारंभ कर दी है!

# गौरवशाली सामाजिक संस्था सदेव मदद के आगे

**अमित शर्मा रिपोर्टर**

**ग्वालियर।** रोज कि तरह आज भी रशान वितरन किया आज अधिवक्ता कंचन गुप्ता ने दूरभाष पे संपर्क करके बताया कि आज उनके कॉलोनी में एक महिला 2 दिन से रोज राशन खाने का मांगने आ रही है जिसको कॉलोनी वालों ने दिया हमें सूचना मिलने पर वहां तुरंत अधिवक्ता शिल्पा डोगरा, अधिवक्ता बरखा श्रीवास्तव, बासु देव मिश्रा तत्काल पहुंचे वहां जाकर उस महिला से चर्चा की स्थिति देखी उसका एक पैर खराब था और एक हाथ उसकी स्थिति देखकर लग रहा था कि वाकई में यह बहुत परेशान है हमने उसकी मदद के लिए उसके घर चलने के लिए कहा तो वह महिला हम से पहले ही निकल गई काफी देर हम खड़े रहे पर वह महिला नहीं मिली आसपास के लोगों से पूछने पर भी उसकी कोई जानकारी नहीं मिली मदद करने के लिए तो सदैव तत्पर है पर क्या वास्तव में जो जरूरतमंद ने उन तक मदद पहुंच रही है वह महिला डर गई थी या उसकी कोई वजह थी यह तो नहीं कह सकते हैं पर वह महिला वापस नहीं मिली हमारा उद्देश्य था कि शायद आज कोई फिर से अपने भूखा ना सोए।



## व्यवसायिक सुधार एवं न्यायालयों में बढ्ते प्रकरणों को दृष्टिगत रखते हुए वित्त मंत्रालय द्वारा

# विभिन्न कानूनों में किये जा रहे संशोधनों पर चेम्बर भेजेगा अपनी आपत्तियां एवं सुझाव

**ग्वालियर।** वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा व्यवसायिक सुधार एवं न्यायालयों में बढते मामलों को को दृष्टिगत रखते हुए 19 कानूनों में सुधार हेतु सुझाव चाहे गये हैं7 इन पर विचार-विमर्श हेतु आज एक बैठक म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री में सायंकाल 5.00 बजे आयोजित की गई7 बैठक में वरिष्ठ अभिभाषक-श्री विनोद भारद्वाज, श्री प्रशांत शर्मा, सीए-दीपक वाजपेयी, मनीष गोयल, आदित्य गंगवाल सहित चेम्बर पदाधिकारी उपस्थित थे7 बैठक के प्रारंभ में चेम्बर अध्यक्ष-विजय गोयल ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि वित्त मंत्रालय द्वारा धारा-138 जैसे कानून जो कि पब्लिक को सबसे ज्याद इफेक्ट करते हैं एवं 18 अन्य कानूनों में सरकार संशोधन करने जा रही है, जिन पर 23 जून तक सुझाव प्रेषित किये जाने हैं7 इस उद्देश्य से ही इस बैठक का आयोजन किया गया है। संयुक्त अध्यक्ष प्रशांत गंगवाल ने कहा कि यह एक अच्छा अवसर है हमें वित्त मंत्रालय को एक-एक बिन्दु पर सुझाव देना चाहिए ताकि सरकार द्वारा प्रस्तावित संशोधन व्यापारिक हित में रहें7 मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि धारा-138 के प्रकरणों में रकम वसूली में ज्यादा समय लगता है इसलिए जल्दी रिकवरी कैसे हो, इसलिए इसका सरलीकरण होना चाहिए। यदि हस्ताक्षर के कारण चैक बाउंस हुआ है तो उसे 10 दिवस का समय ठीक करने हेतु दिया जाना चाहिए7 आपने कहा कि इस चेम्बर को यदि आप सभी 18 बिन्दुओं पर सुझाव 18 जून तक दे देंगे तो हम इन सुझावों को मध्यप्रदेश के समस्त चेम्बर ऑफ कॉमर्स, फेडरेशन भोपाल एवं फिक्की के माध्यम से भी प्रेषित करवायेंगे ताकि संशोधन कारोबारियों के पक्ष में हो7 कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल ने कहा कि इस पर ज्यादा से ज्यादा सुझाव एवं आपत्तियां प्रेषित की जाना चाहिए। शहर के विभिन्न एसोसिएशनों के माध्यम से भी यह सुझाव प्रेषित किये जाना चाहिए। गौरतलब है कि वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इन्श्योरेंस एक्ट 1938, पीएफआरडीए एक्ट 2013, आरबीआई एक्ट 1934, पेमेंट एंड सेटमेंट सिस्टम एक्ट 2007, नाबार्ड एक्ट 1981, एनएचबी एक्ट 1987, स्टेट फाइनेंशियल कारपोरेशन एक्ट 1951, क्रेडिट इंफॉरमेंशन कम्पनीज रेगुलेशन एक्ट 2005, रेगुलेशन एक्ट 2011, एलआईसी एक्ट 1956, निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट एक्ट 1881 की धारा-138, प्राइज चिट्स एंड मनी सर्कुलेशन सहित 19 कानूनों की विभिन्न धाराओं में संशोधन हेतु सुझाव 23 जून तक चाहे गये हैं7 वरिष्ठ अभिभाषक श्री विनोद भारद्वाज ने कहा कि सरकार ने इन संशोधनों के पीछे क्या कारण हैं यह नहीं बताया है लेकिन हमें इस पर सुझाव भेजना चाहिए ताकि संशोधन देश की जनता के हित में आयें। सीए दीपक वाजपेयी ने कहा के हमें 19 बिन्दुओं पर सुझाव भेजना है और 23 जून तक काफी समय हमारे पास है, हम सभी मिलकर इस पर स्टडी करके सुझाव प्रेषित करेंगे। वरिष्ठ अभिभाषक श्री प्रशांत शर्मा ने कहा कि किसी व्यक्ति को अपने जरूरत या व्यापार के लिए पैसा चाहिए तो वह चैक की सिक्योरिटी देकर आसानी से मिल रहा है और रकम की सुरक्षा के लिए जो वर्तमान प्रावधान है, वह उचित हैं। बाकी अन्य बिन्दुओं पर शीघ्र ही स्टडी करके चेम्बर को सुझाव देंगे। सीए मनीष गोयल ने कहा कि धारा-138 पब्लिक को हैवीली इफेक्ट करती है, इसलिए इस पर सुझाव चाहे गये हैं7 कई लोग सिक्योरिटी के लिए चैक लेते हैं ताकि मेलाफाइड इंटेशन होने पर रकम सुरक्षित हो सके। सीए श्री आदित्य गंगवाल ने कहा कि जो एमेंडमेंट प्रस्तुत किये गये हैं वह डिटेल में नहीं दिये गये हैं, इसलिए इस पर स्टडी करने के बाद ही सुझाव दिये जायेंगे7 सरकार एफडीआई को आसान बनाने के लिए यह संशोधन लेकर आई है। कानून से संबंधित एक्ट पर अभिभाषकगण एवं कंपनीज संबंधी मामलों पर चार्टर्ड एकाउंटेंट्स द्वारा 18 जून तक चेम्बर को सुझाव प्रेषित करेंगे7 चेम्बर इन सुझावों को वित्त मंत्रालय को प्रेषित करेगा7 साथ ही, प्रदेश के विभिन्न चेम्बर्स, फेडरेशन भोपाल एवं फिक्की नई दिल्ली के माध्यम से सुझाव प्रेषित कराये जायेंगे।



## बैंकों के बाहर ग्राहकों को धूप एवं पानी से बचाव हेतु टेंट लगाए जाएं तथा नगदी की सुरक्षा हेतु बंदूकधारी गार्ड की उचित व्यवस्था की जाए : चेम्बर ऑफ कॉमर्स

### जिलाधीश एवं पुलिस अधीक्षक को चेम्बर ने लिखा पत्र

**ग्वालियर ।** चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा आज जिलाधीश, ग्वालियर एवं एस. पी., ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, अवगत कराया है कि बैंकों के बाहर सभी खाता धारकों की बैंकर्स द्वारा लाईन लगवाई जा रही है और सोशल डिस्टेंस के पालन हेतु ग्राहकों को बैंक के बाहर धूप में खड़ा होकर अपने नं. की प्रतीक्षा करने को कहा जा रहा है, परन्तु ग्वालियर शहर में भीषण गर्मी का समय वर्तमान में चल रहा है, जिसके कारण व्यवसाईयों को बैंकों के बाहर धूप में खड़े रहने के लिए विवश होना पड़ रहा है । अभी कुछ दिन बाद बारिश प्रारम्भ हो जाएगी, ऐसी स्थिति में ग्राहक खुले आसमान के नीचे कैसे खड़े होंगे । अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-ब्रजेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि चेम्बर द्वारा आज कलेक्टर एवं ए. पी. को पत्र लिखकर माँग की है कि शहर में संचालित सभी बैंक शाखाओं के बाहर टेंट की उचित व्यवस्था तथा ग्राहकों के पास मौजूद रकम की सुरक्षा हेतु बंदूकधारी गार्ड की व्यवस्था हेतु आपके द्वारा निर्देशित किया जाना चाहिए, जिससे बैंक के ग्राहक धूप एवं बारिश से बच सके और साथ ही, जो रकम वह बैंक में जमा करने हेतु लाए हैं, वह भी सुरक्षित बनी रह सके । इस हेतु बैंकों की सभी शाखाओं के बाहर बंदूकधारी सुरक्षा गार्ड की तैनाती अतिआवश्यक रूप से सुनिश्?चित की जाए । पदाधिकारियों ने जिले के दोनों वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से माँग की है कि शहर में संचालित सभी बैंक की शाखाओं के बाहर ग्राहकों की सुविधा हेतु टेंट एवं बंदूकधारी सुरक्षा गार्ड की उचित व्यवस्था किए जाने हेतु बैंकर्स को निर्देशित किया जाए, ताकि बैंकों में रकम जमा करने हेतु आने वाले सभी ग्राहकों को धूप एवं पानी से राहत मिल सके और जो नगदी वह बैंक में जमा करने हेतु अपने साथ लाएँ हैं, वह भी सुरक्षित बनी रहे ।

स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
निकट हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478